सुविचार
एक बात जरूर नोट कर लो आज का दर्द ही कल की जीत है

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

• वर्ष- 15 अंक 274 • जबलपुर • मंगलवार, 9 नवम्बर, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • कार्तिक शुक्ल पक्ष -5 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935


# जेल में बंद कैदी से आईपीएस, जजों और गृहमंत्री के सचिव के फोन हैक कराए!

**उज्जैन, भोपाल।** मध्य प्रदेश के उज्जैन जेल के अधिकारियों पर दोषी कैदी ने डिजिटल धोखाधड़ी करवाने का आरोप लगाया है। बंदी का आरोप है कि जेल अधिकारियों ने उस पर दबाव डालकर आईपीएस अफसरों, जजों और गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के सचिव समेत कई लोगों के मोबाइल हैक कराए। कैदी का यह भी आरोप है कि जेल स्टाफ ने दबाव डालकर उससे साइबर अपराध करवाए और पैसा कमाया। कैदी का नाम महाराष्ट्र निवासी अनंत अमर अग्रवाल है। वह जालसाजी के मामले में दोषी साबित हो चुका है। कैदी की शिकायत के बाद उसे सुरक्षा कारणों से उज्जैन से भोपाल सेंट्रल जेल ट्रांसफर कर दिया गया है। कैदी की शिकायत पर साइबर सेल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं।

## जेल में दिया गया इंटरनेट, लैपटॉप

एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित खबर के अनुसार अनंत कई अलायस नामों से सक्रिय था- कृष्णा केशकर, अभिजीत मदने और अनंत अग्रवाल। अग्रवाल का आरोप है उज्जैन जेल में उसे लैपटॉप और इंटरनेट सुविधा दी गई थी। डार्क नेट से खरीदे गए क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर उसने डिजिटल फ्रॉड के जरिए करोड़ों रुपए कमाए.



जेल अधिकारियों ने उसे प्रदेश के वीआईपी लोगों के मोबाइल फोन में मैलवेयर लोड करने को भी कहा गया था।

## ट्रायल कोर्ट के सामने की थी शिकायत

कैदी ने महिला जेल अधीक्षक और उप जेल अधीक्षक पर दबाव डालकर धोखाधड़ी करवाने के आरोप लगाए हैं। यह शिकायत उसने एक ट्रायल कोर्ट में की थी। कोर्ट ने यह शिकायत जेल विभाग को भेजी और वहां से साइबर सेल के पास पहुंची। मुख्य आरोप साबित नहीं हुए हैं, फिर भी उज्जैन के एक पूर्व जेल अधीक्षक जांच की राडार पर है, जिसने अग्रवाल को जेल में लैपटॉप और इंटरनेट सुविधा दे रखी थी। यह जेल मैनुअल का उल्लंघन है।

## आईआईटी-कानपुर से होने का दावा

अग्रवाल ने आईआईटी-कानपुर से ग्रेजुएट होने का दावा किया है। उसने विदेशी विश्वविद्यालयों से भी पढ़ाई की है। जांचकर्ताओं ने पाया कि वह आठवीं फेल है। अन्य राज्यों में भी उसके खिलाफ जालसाजी के आरोप हैं। अधिकारियों ने पाया कि अग्रवाल को लैपटॉप और इंटरनेट सुविधा दी गई थी ताकि वह पूर्व जेल अधीक्षक को तात्या टोपे पर किताब लिखने में मदद कर सके।

## फटाफट खबरें



### पूनम पांडे के पति सैम को मुंबई पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुंबई।** अभिनेत्री पूनम पांडे के पति सैम बॉम्बे को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सैम बॉम्बे पर आरोप है कि उन्होंने पत्नी के साथ मारपीट की, जिससे उनकी सिर, आंख और चेहरे पर चोटें आई हैं। पुलिस के मुताबिक, शिकायत दर्ज कराने के बाद एक्ट्रेस को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बता दें, दो साल तक लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद पूनम और सैम ने 1 सितंबर 2020 को बांद्रा में अपने घर पर शादी कर ली थी। शादी की एक तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा था, यहां आपके साथ सात जन्मों की प्रतीक्षा है।

### दिशा पटानी ने हवा में उछलकर मारी 720 किक

**वेब डेस्क।** बॉलीवुड में एक ऐसी हीरोइन भी है जो अपने मार्शल आर्ट्स और स्टंट के लिए मशहूर है। अपनी फिटनेस के लिए जानी जाने वाली दिशा पटानी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से चौंका देने वाली वीडियो शेयर करती हैं। दिशा ने एक बार फिर वाडियो शेयर किया है जिसमें वह हवा में उछलकर शानदार किक मारती दिख रही हैं। फैंस इसे उनके ब्वॉयफ्रेंड टाइगर श्रॉफ का असर बता रहे हैं। खुद टाइगर श्रॉफ ने भी दिशा की तारीफ की है। 720 किक ताइक्वांडो का हिस्सा होता है। इस स्टंट को करना बेहद मुश्किल माना जाता है। दिशा पटानी ने इस मूव को बेहद आसानी से करके दिखा दिया कि कोई भी काम मुश्किल नहीं होता। उन्होंने 720 डिग्री पर घूमकर टारगेट को दिशा ने इस स्टंट की वीडियो स्लो मोशन में बनाई है।

### बतौर कप्तान आखिरी मैच के बाद भावुक हुए कोहली

**दुबई।** नामीबिया के खिलाफ मैच बतौर कप्तान विराट कोहली का आखिरी टी-20 मैच था। इस मैच में जीत के बाद कोहली भावुक दिखे। उनसे जब कप्तानी को लेकर भावनाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया- सबसे पहले तो मैं राहत महसूस कर रहा हूं। यह मेरे लिए वर्कलोड मैनेजमेंट का सही समय है। पिछले छह से सात साल में हमने जब भी मैदान में कदम रखा तो अच्छा खेल दिखाया है। इसका हमारे शरीर पर काफी असर पड़ा है।



## 200 दिन बाद पृथ्वी पर लौटे चार अंतरिक्ष यात्री

**मैक्सिको।** 200 दिन यानी करीब छह महीने तक अंतरिक्ष में बिताने के बाद चार अंतरिक्ष यात्री सोमवार रात पृथ्वी पर लौट आए हैं। वे अपने स्पेसएक्स कैप्सूल से मैक्सिको की खाड़ी में उतरे। जानकारी के मुताबिक, स्पेस एक्स के चालक दल के चारों सदस्य अंतरिक्ष स्टेशन छोड़ने के ठीक आठ घंटे बाद पृथ्वी पर सुरक्षित वापस लौट आए।

### खराब मौसम के कारण टालनी पड़ी थी वापसी

इससे पहले नासा ने खराब मौसम के कारण चारों यात्रियों की वापसी को सोमवार दोपहर तक के लिए टाल दिया था। दरअसल, फ्लोरिडा के तट पर तेज हवाएं चल रही थीं, जिससे सुरक्षित वापसी का खतरा उत्पन्न हो सकता था। इसकी को देखते हुए चारों सदस्यों की सुरक्षित वापसी को टालना पड़ा था।

### इन यात्रियों की हुई वापसी

200 दिन की यात्रा पूरी कर पृथ्वी पर वापस लौटे यात्रियों में नासा के शेन क्रिम्ब्रू, मेगन मैकआर्थर, जापान के अकिहिको होशाइड और फ्रांस की थॉमस पेस्केट शामिल हैं। तय कार्यक्रम के तहत इन सभी की वापसी सोमवार सुबह तक हो जानी चाहिए थी, लेकिन खराब मौसम के कारण वापसी कार्यक्रम में देर हुई।

### हमीदिया अस्पताल में आग से 4 मासूमों की मौत पर गुस्सा, सियासत गर्माई

# आये थे जीवन बचाने वहीं छिन गई जिंदगी

**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल के पीडियाट्रिक वार्ड में सोमवार रात लगी भीषण आग के चलते चार बच्चों की मौत के बाद पुलिस ने भारी पुलिस बल हमीदिया अस्पताल में तैनात कर दिया गया है। करीब दो सौ पुलिस कर्मियों को तैनात करते हुए भोपाल के हमीदिया अस्पताल परिसर में कमला नेहरू गैस राहत हॉस्पिटल में लगी आग से मरने वाले नवजात शिशुओं की मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। हालांकि, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने मंगलवार सुबह अस्पताल का दौरा किया और दावा किया कि 36 बच्चों का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि हर परिजन को अस्पताल में बच्चों से मिलाया जा रहा है। 4-4 परिजनों को एक बार में अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी हादसे की जानकारी लेने अस्पताल पहुंच सकते हैं। इससे पहले इस हादसे की जांच का कर रहे अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान अस्पताल पहुंचे। डीन भी उनके साथ थे। परिजनों का दावा है कि रात ढाई बजे से मंगलवार सुबह तक अस्पताल प्रबंधन ने कई लोगों को बच्चों की मौत की खबर दी है। ऐसे में आंकड़ा बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। भोपाल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल हमीदिया के कैम्पस में कमला नेहरू गैस राहत हॉस्पिटल है। इसमें ही सोमवार रात करीब 9 बजे आग लगी थी। अस्पताल की तीसरी मंजिल पर बच्चा वार्ड के एसएनसीयू में 40 बच्चे भर्ती थे, जहां आग का सबसे अधिक नुकसान हुआ है। सूत्रों का कहना है कि हादसा शॉर्ट सर्किट की वजह से और पीडियाट्रिक वेंटिलेटर ने आग पकड़ ली।



### सीएम ने निरस्त किया दोपहर भोज

कमला नेहरू अस्पताल में हादसे के चलते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने निवास पर आयोजित दोपहर भोज को निरस्त कर दिया है। *पेज 5 पर भी*

### सियासत भी गरमाई, कांग्रेस ने उठाए सवाल

कांग्रेस ने हमीदिया हादसे के समय मुख्यमंत्री आवास पर डिनर को लेकर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता नरेंद्र सलूजा ने कहा कि घटना 9 बजे के आसपास हुई। तब मुख्यमंत्री निवास पर मंत्री एक-दूसरे को जीत की बधाई दे रहे थे। मोदी के भोपाल आगमन की तैयारियों पर चर्चा कर रहे थे। काश इन मंत्रियों का भी दुख पसीज जाता और डिनर छोड़कर सभी घटनास्थल गए होते। सीधी बस हादसे के दिन भी मंत्री घटनास्थल पर जाने के बजाय भोज कर रहे थे। वहीं, केके मिश्रा ने चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफे की मांग की है।



## देवेंद्र फडणवीस ने कहा था, दिवाली बाद फूटेगा बम, आज करेंगे प्रेस कॉन्फ्रेंस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। माना जा रहा है कि वे उद्धव सरकार में मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक को लेकर कोई सनसनीखेज खुलासा कर सकते हैं। दरअसल, मुंबई ड्रग्स केस में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान का नाम आने के बाद से नवाब मलिक एनसीबी पर हमलावर थे और उन्होंने एक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। ऐसी ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस ने नवाब मलिक ने देवेंद्र फडणवीस और उनकी पत्नी अमृता फडणवीस का नाम लिया था। तब जबाव देते हुए देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि वे दिवाली बाद बड़ा धमाका करेंगे।

## महिला मित्र के साथ होटल में मिले इंस्पेक्टर, पत्नी ने चप्पल से पीटा

**कानपुर।** यहां के ग्वालटोली थाने में तैनात इंस्पेक्टर अरुण कुमार को उनकी कथित पत्नी ने रविवार रात एक होटल में महिला मित्र के साथ रंगेहाथ पकड़ लिया। दोनों को जमकर पीटा। होटल के कमरे से लेकर सड़क तक हंगामा चला। सोमवार को पुलिस कमिश्नर ने इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया। मामले की जांच एसीपी कर्नलगंज को सौंपी है। इंस्पेक्टर के खिलाफ इस तरह की कई शिकायतें और भी मिली हैं। इंस्पेक्टर अरुण कुमार ग्वालटोली थाने में अतिरिक्त इंस्पेक्टर पद पर थे। रविवार रात ग्वालटोली क्षेत्र के एक होटल में ठहरे थे। उनके साथ हरदोई निवासी उनकी महिला मित्र भी थी। इस बात की जानकारी सरकारी आवास पर रहने वाली कथित पत्नी को हुई। देर रात वह होटल पहुंची और अरुण कुमार को रंगे हाथ पकड़ लिया। शुरुआती जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस कमिश्नर असीम अरुण ने इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया। एसीपी कर्नलगंज त्रिपुरारी पांडेय ने बताया कि इंस्पेक्टर के खिलाफ विभागीय जांच उनको दी गई है।





### उत्तरप्रदेश के कैराना में बिछी सियासी बिसात

**कैराना।** पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश से 2022 के चुनाव की बिसात बिछा दी। भले ही पलायन के बाद वापस लौटे सभी परिवारों के सदस्यों से योगी की मुलाकात न हो पाई हो, उनकी यह मुलाकात प्रतीकात्मक कही जाए, पर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव ने वहां जो कुछ कहा, जो कुछ किया, उसमें बड़ा संदेश छिपा है। रही-सही कसर पूरी कर दी कैराना के बाद मुख्यमंत्री के दौरे ने।

## शराब की गंध से आकर्षित मच्छर फैलाते हैं बीमारी

**कानपुर।** डेंगू के साथ जीका के संक्रमण के फैलाव से आशंकित कानपुर स्वास्थ्य विभाग मच्छरों से बचाव के तरीके खोजने में जुट गया। कीट विज्ञान विशेषज्ञों की टीमें मच्छरों के मिजाज के बारे में पता कर रही हैं। इससे मच्छरों से बचाव की रणनीति बनाई जाएगी। शोधों से खुलासा हुआ है कि ड्रिंक करने के बाद शरीर से जैसे ही अल्कोहल (इथेनॉल) की महक आती है, मादा एडीज एजिप्टाई मच्छर खून पीने की लिए लपक उठती है। इसी तरह के बिंदुओं के अध्ययन पर लोगों को मच्छरों से बचने की सलाह दी जा रही है। एडीज एजिप्टाई मच्छर ही डेंगू, जीका, यलो फीवर और जापानी इंसेफ्लाइटिस सरीखे रोग फैलाता है। मादा मच्छर ही खून चूसने के चक्कर में रोग दे देती है। जीका संक्रमण गर्भवती महिलाओं और गर्भस्थ शिशुओं के लिए अधिक खतरनाक माना जा रहा है। इससे अमेरिकी और विश्व की दूसरी एजेंसियों के शोध से इस संबंध में तथ्य जुटाए जा रहे हैं।विशेषज्ञों का कहना है कि गर्भवती महिलाओं के शरीर से कार्बन डाई आक्साइड अधिक निकलती है। इससे मच्छर काटने के लिए आकर्षित होते हैं। इसी वजह से मोटापा ग्रस्त व्यक्ति को भी मच्छर अधिक काटते हैं।शोधों के मुताबिक पसीने की गंध से भी मच्छर काटने के लिए आकर्षित होते हैं। पसीने से लैक्टिक एसिड, यूरिक एसिड, अमोनिया जैसे तत्व होते हैं। इनकी गंध मच्छरों तक पहुंच जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि जिन लोगों को अधिक पसीना आता है, उन्हें मच्छर ज्यादा काटते हैं। वैसे मच्छर काटते तो सभी को हैं लेकिन ए ब्लड ग्रुप को कम और ओ ब्लड ग्रुप वाले को अधिक काटते हैं।



## रेल मंत्री ने झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन का किया औचक निरीक्षण, टी स्टॉल पर खाए चाय-बिस्किट



**झारसुगुड़ा।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर पर साफ-सफाई की व्यवस्था और ट्रेनों के संचालन की जानकारी भी ली। अचानक से वे कंट्रोल रूम भी पहुंच गए और कर्मचारियों से उनके काम के बारे में पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने रेलेव स्टेशन पर ही चार और बिस्किट भी खाए। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ओडिशा के झारसुगुडा में दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) और पूर्वी तट रेलवे (ईसीओआर) के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी की। बैठक में एसईआर और ईसीओआर की महाप्रबंधक अर्चना जोशी के अलावा एसईआर, ईसीओआर और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान अधिकारी भी मौजूद रहे।

## 2007 से 2012 में किसकी सरकार थी?: भाजपा

**नई दिल्ली।** राफेल मामले में फ्रांस की पत्रिका मीडियापार्ट की तरफ से हुए खुलासों पर कांग्रेस एक बार फिर भाजपा पर हमलावर हुई है। हालांकि, इस बार भाजपा ने जबरदस्त पलटवार किया है और मीडियापार्ट की रिपोर्ट का ही जिक्र करते हुए कांग्रेस पर राफेल डील में कमीशन लेने का आरोप लगाया है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने रिपोर्ट में एक बिचौलिए के नाम का जिक्र करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बात यह है कि जिस मिडिलमैन का नाम अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में सामने आया था, उसी का नाम राफेल डील में भी आया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, राफेल का विषय कमीशन की कहानी थी, बहुत बड़े घोटाले की साजिश थी। ये पूरा मामला 2007 से 2012 के बीच हुआ। आज हम आपके सामने कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज रखने वाले हैं, ताकि भ्रष्टाचार किसके कालखंड में हुआ ये बताएगा। फ्रांस के एक मीडिया संस्थान ने कुछ वक्त पहले ये खुलासा किया कि राफेल में भ्रष्टाचार हुआ था।



### किसको बचाना चाह रही केन्द्र सरकार- भूपेश

**रायपुर।** झीरम न्यायिक जांच रिपोर्ट सीधे राज्यपाल को सौंपे जाने को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मामले में सीधे केंद्र सरकार पर हमला बोला है। बघेल ने एसआइटी जांच के लिए फाइल राज्य सरकार को नहीं लौटाए जाने को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि आखिर केंद्र सरकार फाइल न लौटाकर किसको बचाना चाह रही है।






# 19 नवंबर को साल का आखिरी चंद्र ग्रहण, सुर्ख लाल दिखेगा

**वेब डेस्क।** इस साल का दूसरा और आखरी चंद्र ग्रहण 19 नवंबर को लगने जा रहा है। इस दिन कार्तिक पूर्णिमा भी होगी। यह ग्रहण इस सदी का सबसे लंबा चंद्र ग्रहण होगा और इसका रंग गहरा लाल रहेगा। भारत में आंशिक चंद्र ग्रहण होने की वजह से ग्रहण के दौरान सूतक काल नहीं रहेगा और लोग सूतक काल के प्रभावों से मुक्त रहेंगे। यह ग्रहण वृषभ राशि में घटित होगा।

### 19 नवंबर को इस समय होगा चंद्र ग्रहण

ग्वालियर के बालाजी धाम काली माता मंदिर के ज्योतिषाचार्य सतीश सोनी के अनुसार सदी का सबसे लंबा चंद्रग्रहण 19 नवंबर शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के दिन घटित होगा। इस मौके पर पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच से गुजरेगी। ग्रहण दोपहर 12.48 से प्रारंभ होकर शाम 4.17 तक रहेगा। वहीं दोपहर 1.30 बजे के बाद ग्रहण अपने पीक पर होगा। भारत में ग्रहण बहुत थोड़े समय के लिए चंद्रोदय के समय देखा जा सकेगा। ग्रहण के समय पृथ्वी पूरे चंद्रमा को सूरज की किरणों से ढक देगी। इस दौरान चांद का रंग सुर्ख लाल होगा। जिसे भारत में कई हिस्सों में देखा जा सकेगा। ज्योतिषाचार्य सोनी का कहना है कि सदी का सबसे लंबा चंद्र ग्रहण 3 घंटे 28 मिनट और 23 सेकेंड का होगा। वर्ष 2001 से वर्ष 2021 के बीच पहली बार इस तरह की घटना घटित होगी कि पृथ्वी 21वीं सदी में 228 व चंद्र ग्रहण की साक्षी बनेगी। वहीं आने वाले वर्ष में 1 माह में दो और तीन चंद्रग्रहण भी देखने को मिल सकते हैं।



### इन जगहों पर देखा जा सकता है ग्रहण

इस वर्ष 2021 में कुल 4 ग्रहण पड़े हैं। जिसमें दो चंद्रग्रहण और दो सूर्य ग्रहण शामिल हैं। वर्ष 2021 में बीते 26 मई को चंद्र ग्रहण लगा था। वहीं सूर्यग्रहण बीते 10 जून को पहला पड़ा था। आगामी इस साल का आखरी चंद्र ग्रहण को समाप्त होते हुए भारत के अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी सीमांत क्षेत्रों के लोग इस खगोलीय घटना को देख सकेंगे। चंद्रमा उन्हीं स्थानों पर दिखेगा, जहां वह होरिजन के ऊपर होगा। ग्रहण असम, अरुणाचल प्रदेश के अलावा पश्चिमी अफ्रीका, पश्चिमी यूरोप, आस्ट्रेलिया, पूर्वी एशिया और उत्तरी यूरोप के लोग भी चंद्रग्रहण को देख सकेंगे। वहीं साल 2021 का आखिरी सूर्य ग्रहण आगामी महीने में 4 दिसंबर को पड़ेगा।

# शादियों के मुहूर्त के पहले ही बाजार में रौनक



**जबलपुर।** दीपावली में बाजारों में ग्राहकों की भीड़ रही। दिपावाली पर्व के चलते बाजारों में करोडों का कारोबार हुआ। इससे कोरोना के कारण अप्रैल, मई में लगे लॉकडाउन से हुए घाटे से व्यवसायी उबर गए। अब देव उठनी ग्यारस से शादियों के मुहूर्त शुरू हो रहे हैं। इससे बाजारों में फिर रौनक रहेगी। ग्राहकों की चहल-पहल होने से हर तरह की सामग्री की खरीदारी होगी। इससे व्यवसाय बढ़ेगा। इस बार शादियों के मुहूर्त में खरीदी के भी अच्छे योग बन रहे हैं। ज्योतिष जगदीश शर्मा ने बताया कि बीते साल कोरोना के कारण शादियों के मुहूर्त में गिने-चुने मेहमानों की मौजूदगी में शादियां हुई थीं। कई लोगों ने शादियां नहीं की थी। इस बार कोरोना संक्रमण कम है। शादियों के मुहूर्त ग्यारस से शुरू हो जाएंगे। नवंबर, दिसंबर में खूब शादियां होंगी। बड़े स्तर पर शादियां होंगी। इसके बाद भी आगामी महीनों में शादियों के मुहूर्त हैं। कोरोना के कारण बीते दो सालों से शादियों ठीक से नहीं हुई। इससे व्यवसायियों की कारोबार ठप रहा।

### वेडिंग प्लानर व डेस्टिनेशन वेडिंग कराने वालों का काम बढ़ गया

वैक्सीनेशन के बाद कोरोना का खतरा लोग कम मान रहे हैं। इसलिए शादी समारोह में कोई कोताही नहीं बरत रहे हैं। शादी समारोहों को भव्य बनाने के लिए वेडिंग प्लानर की मदद ली जा रही है इसके अलावा डेस्टिनेशन वेडिंग भी प्लान की गई हैं। वेडिंग प्लानर कहते हैं कि पिछले दो सहालग में कोरोना संक्रमण के कारण उनका व्यवसाय 10 से 20 फीसदी तक रह गया था, इस बार 50 से 70 फीसदी तक काम बढ़ा है। वह शहर में डेस्टिनेशन वेडिंग भी प्लान कर रहे हैं। शहर में लगभग सीाी मैरिज गार्डनों में बुकिंग शुरू हो गई है। फरवरी तक की बुकिंग तो काफी अधिक हो गई हैं, मगर मार्च के बाद की बुकिंग काफी कम आ रही है। बीते दो साल में हुए अनुभवों के कारण लोग मार्च से घबरा रहे हैं, इसलिए मैरिज गार्डनों की बुकिंग फिलहाल टाल रहे हैं। होटलों की ओर लोगों को रुझान अधिक है। हालांकि यदि सबकुछ ठीक रहा तो आगामी समय हमारे लिए काफी शुभकारी रहेगा।

इस बार शादियों की वजह से बाजार गुलजार रहेंगे। अच्छा कारोबार रहेगा। खरीदारी के अच्छे संयोग बन रहे हैं। बाजारों में कोरोना के कारण हुए घाटे के बादल पूरी तरह छट चुके हैं। आगामी दिनों में भी बाजारों में कारोबार बढ़ेगा। टेंट, कैटर्स, कपड़ा, किराना, डीजे सहित सभी तरह के बाजारों में ग्राहकों की भीड़ रहने की उम्मीद है।



# छठी मैय्या की पूजा का महापर्व छठ, आज खरना

**जबलपुर।** सूर्यदेव की आराधना और छठी मैय्या की पूजा का महापर्व छठ नहाए खाए के साथ 8 नवंबर से शुरू हो चुका है। दूसरे दिन यानी आज खरना है। व्रतियों ने आज निर्जला व्रत रखा है और शाम को सूर्य को अर्ध्य देंगे। आज खास तौर पर गुड़ की खीर का भोग लगाया जाता है। आज अधारताल तालाब में शाम को मेला जैसा माहौल रहेगा। कोरोना काल में पिछले दो साल से छठ पर्व फीका रहा, लेकिन इस बार हालात में सुधार है और यही कारण है कि छठ पर्व का उत्साह दिखाई दे रहा है।

### छठ महापर्व पर नगर निगम की तैयारियां दुरुस्त

निगमायुक्त संदीप जी आर के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा ग्वारीघाट, तिलवारा, अधारताल, हनुमानताल, रांझी, सहित अन्य सभी घाटों पर छठ महापर्व की तैयारियां दुरुस्त करा दिए गए हैं।इस संबंध में अधिकारीयों ने बताया कि घाटों पर चेंजिंग रूम की व्यवस्था के साथ साथ सफ़ाई, प्रकाश पेयजल आदि की व्यवस्थाएं भी करवाई गई है जिससे कि छठ महापर्व मनाने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

सांसदों ने किया तिहाड़ जेल का निरीक्षण

# राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने जबलपुर के कैदी से की मुलाकात

रिहाई के लिए जेल कर्मियों से की बात



**जबलपुर यश भारत।** सांसदों की समिति ने सोमवार को दिल्ली के तिहाड़ जेल का निरीक्षण किया इस दौरान कैदियों से बात की उनकी तकलीफों को जाना। समिति का निरीक्षण सुशील मोदी के नेतृत्व में था। निरीक्षण रिपोर्ट संसद पटल में रखने की बात सांसदों ने की। राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने इस दौरान जबलपुर निवासी कैदी रुपेश चौधरी पिता बीरबल चौधरी मुलाकात की । इस दौरान पता चला कि कैदी रुपेश चौधरी की जमानत हो चुकी है लेकिन रिहाई नहीं हो रही है इस पर राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने जेल के अधिकारियों से चर्चा की और कैदी को आश्वस्त किया कि जल्द ही उसे राहत मिलेगी।

रेल बोर्ड की सिफारिशों पर अनारक्षित टिकट बिक्री शुरू

# छोटे स्टेशन के रेल यात्रियों को बड़ा लाभ

**जबलपुर यश भारत।**जबलपुर और भोपाल के बीच छोटे छोटे रेलवे स्टेशनो से रेल यात्रा करने वाले यात्रियों को अब सोमवार से बड़ा आर्थिक लाभ मिलने लगा है। इससे यात्रियों की जेब पर आर्थिक भार से राहत मिलना शुरू हो गई है। फिलहाल जबलपुर पश्चिम मध्य रेलवे जोन के तहत आने वाली जबलपुर भोपाल डिवीजन में रेलों में यात्रा करने वाले यात्रियों को अनारक्षित वर्ग की टिकट बिक्री शुरू हो गई है।

इस मामले को रेल बोर्ड के सदस्य व भा जा पा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अभिलाष पांडे ने विगत 18 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित रेल बोर्ड की बैठक में उठाया था। जिस पर रेल मंत्रालय ने सिफारिशों पर अपनी सहमति और आदेश जारी कर दिए हैं। इससे कुछ ट्रेनों जैसे विंध्याचल एक्सप्रेस हबीबगंज इंटरसिटी एक्सप्रेस और कई पैसेंजर ट्रेनों में छोटी-छोटी जगहों के लिए यात्रा करने वालों को आर्थिक राहत और लाभ मिलने लगा है। उल्लेखनीय है कि करोना काल में सभी ट्रेनों को बंद कर दिया गया था।साथ ही सभी आर्थिक लाभ बंद कर दिये गए थे।लेकिन जैसे-जैसे स्थति सामान्य होती गई। स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू तो किया गया ।लेकिन उसमें यात्रियों को सिर्फ आरक्षण टिकट पर ही यात्रा करने की पात्रता थी। जिसके कारण उन्हें अतिरिक्त पैसा लगता था। अब जबकि रेल मंत्रालय के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके कारण से सिहोरा कटनी गोटेगांव नरसिंहपुर इटारसी आदि स्टेशनों के बीच रुकने वाली ट्रेनों में जहां से यात्री प्रतिदिन अप डाउन करते हैं। उन्हें आरक्षण का अतिरिक्त पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे दैनिक यात्रा करने वाले मजदूर किसान विद्यार्थी वर्ग के लोगों को आर्थिक परेशानी से मुक्ति मिल गई है। गत दिवस रेल बोर्ड की सिफारिशों पर रेल मंत्रालय की स्वीकृति की मुहर लगने के बाद छोटी-छोटी स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को आरक्षित टिकट लेने की बाध्यता नहीं रही। अब वे अनारक्षित टिकट से रेल यात्रा के पात्र हो गए हैं



अभिलाष पांडे ने जताया आभार

# राष्ट्रीय क्षितिज पर चमका जनेकृविवि: रचा इतिहास

### नेट और एआरएस प्रिलिम्स परीक्षा में 169 छात्रों ने मारी बाजी




**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विवि ने कृषि शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता प्रतिपादित करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक उत्कृष्टता में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसी कड़ी में कृषि विज्ञानी चयन मंडल-एएसआरबी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा 2021 व आइसीएआर नेट परीक्षा में जेएनकेविवि के 152 विद्यार्थियों ने नेट में सफलता प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी योग्यता सिद्ध कर शहर का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार एएसआरबी द्वारा आयोजित कृषि अनुसंधान सेवाएं परीक्षा में एआरएस प्रिलिम्स में 17 विद्यार्थियों ने प्रवीणता के साथ विशिष्ट सफलता अर्जित की है। जेएनकेविवि कुलपति डा. प्रदीप कुमार बिसेन ने विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक पहली बार इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की इस राष्ट स्तरीय सफलता पर सभी विद्यार्थियों शुभकामनाएं दीं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा.अमित कुमार शर्मा ने बताया कि कुलपति डा.बिसेन की सदप्रेरणा से कोरोना काल में भी अधिष्ठाता कृषि संकाय डा.धीरेंद्र खरे के निर्देशन व अधिष्ठाता छात्र कल्याण के संयोजन में विवि के अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों के लिए आनलाइन उच्च स्तरीय मार्गदर्शन व कोचिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया गया। इसके आधार पर विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व लगन के परिणामस्वरूप यह सफलता प्राप्त हुई है।इस अवसर पर नेट व एआरएस के सफल मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में एक विशेष मेधाविता सम्मान समारोह 2021 आयोजित करने की घोषणा की गई। इसके साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भविष्य में आनलाइन व आफलाइन कोचिंग कार्यक्रम आयोजित करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। नेट व एआरएस की परीक्षा की इन विशिष्ट उपलब्धियों में विवि के विभिन्न महाविद्यालयों से कृषि महाविद्यालय जबलपुर के 130, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के पांच, कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा के तीन, कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ के 10 और कृषि महाविद्यालय रीवा के चार विद्यार्थी शामिल रहे। विवि के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संचालक अनुसंधान सेवाएं डा. जीके कौतू, संचालक विस्तार सेवाएं डा. दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक शिक्षण डा. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डा. डीके पहलवान व अन्य ने शुभकामनाएं दीं।

# आरटीई के तहत प्रवेश: स्कूलों का आवंटन कल

**जबलपुर ।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम ( आरटीई ) के अन्तर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए रिक्त सीटों पर आनलाइन निःशुल्क प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। आरटीई के तहत पहले चरण की लाटरी के बाद शेष रिक्त सीटों पर दूसरे चरण की काउंसलिंग के माध्यम से स्कूल आवंटन किया जाना है। इसके लिए समय सारणी जारी की गयी है। रैंडम पद्धति से आनलाईन लाटरी द्वारा 10 नवंबर को स्कूल का आवंटन किया जाएगा। पंजीकृत आवेदक 29 अक्टूबर से रविवार तक दूसरे चरण की लाटरी के लिए स्कूल की च्वाइस अपडेट कर सकेंगे। स्कूल के आवंटन के बाद 10 नवंबर से 15 नवंबर तक आवंटन पत्र डाउनलोड कर आवंटित स्कूल में प्रवेश ले सकेंगे। प्रवेश लेते समय ही संबंधित अशासकीय स्कूल द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से एडमीशन रिपोर्टिंग दर्ज की जाएगी । दूसरे चरण की काउंसलिंग में नया आवेदन करने का विकल्प नहीं होगा।

# 18 केन्द्रों में होगी एन.डी.ए., एन.ए. और सी.डी.एस. परीक्षा

**जबलपुर,**। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली की नेशनल डिफेन्स अकादमी एण्ड नेवल अकादमी कॉम्बाइन्ड डिफेन्स सर्विस परीक्षा द्वितीय-2021 रविवार 14 नवम्बर को जबलपुर के 18 परीक्षा केन्द्रों में दो एवं तीन पालियों में आयोजित होगी। कलेक्टर एवं को-अर्डिनेटिंग सुपरवाइजर कर्मवीर शर्मा ने प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिये सहायक को-अर्डिनेटिंग सुपरवाइजर सह इन्सपेक्टिंग ऑफीसर नियुक्त कर दिया है। जिले के सभी 18 परीक्षा केन्द्रों में संघ लोक सेवा आयोग से प्राप्त टाइम टेबिल के अनुसार रविवार 14 नवम्बर को एन.डी.ए. एवं नेवल अकादमी द्वितीय-2021 की परीक्षा दो पालियों में प्रात॰10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक एवं अपरान्ह 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक तथा कॉम्बाइन्ड डिफेंस सर्विस परीक्षा द्वितीय-2021 प्रात॰9 बजे से प्रात॰11 बजे तक और दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर श्री शर्मा ने परीक्षा के लिये 9 रिजर्व दल के रूप में सहायक को-आर्डिनेटिंग सुपरवाइजर सह इन्स्पेक्टिंग ऑफीसर की भी तैनाती की है। इस परीक्षा के लिये कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 46 में कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहाँ का दूरभाष नम्बर 0761-2624350 है। परीक्षा का नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर मणीन्द्र सिंह को तथा कंट्रोल रूम प्रभारी शैलेष पाठक को बनाया गया है।

# आईटी प्रोफेसर खेल-खेल में गणित और विज्ञान समझाएंगे

जबलपुर। स्कूलों में छठवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों की गणित एवं विज्ञान की आनलाइन गतिविधियां कराई जाएंगी। आईआईटी के प्रोफेसर बच्चों को खेल-खेल में गणित और विज्ञान के कठिन प्रश्नों को समझाएंगे। इसके लिए कई सामग्री का उपयोग कर और दैनिक उपयोग की चीजों को शामिल कर गणित और विज्ञान के कठिन तथ्यों को समझाया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को इस आनलाइन गतिविधियों में शामिल होने के लिए कहा गया है। इसके लिए आनलाइन कक्षाएं चलाई जाएंगी। प्रत्येक रविवार को शाम 4 से 5 बजे तक लाइव कक्षाएं चलाई जाएंगी। इसके लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) गांधी नगर द्वारा संयुक्त गतिविधियां चलाई जाएंगी। इन गतिविधि में प्रदेश के कक्षा छठवीं से बारहवीं में पढ़ाने वाले शिक्षकों एवं अध्ययन करने वाले विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। इसमें भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को अपना पंजीयन नीचे दी गई। लिंक के माध्यम से किया जाना है। एकलव्य प्रोग्राम के अंतर्गत गणित एवं विज्ञान की आनलाइन रोचक गतिविधियों का आयोजन प्रति रविवार शाम 4 से 5 बजे तक किया जा रहा है। इसका सहभागियों द्वारा निर्धारित होमवर्क पूर्ण करने पर सीबीएसई द्वारा प्रमाणपत्र दिया जाएगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए दूरभाष क्रमांक 079-23952240 या ईमेल पर संपर्क किया जा सकता है। कक्षा छठवीं से बारहवीं के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की अधिक से अधिक सहभागिता कराने का दायित्व डीईओ व डीपीसी का होगा। जिले के सभी सहभागियों की सूची डाइट द्वारा संघारित की जाएगी।

# पुराने विद्यार्थी को एकजुट कर बनेगी एल्युमिनाई एसोसिएशन

**जबलपुर,** श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के 50 वें स्थापना दिवस पर स्वर्ण जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विविध आयोजन हुए। तीन दिन तक चलने वाले इस समारोह में मनोज चौरसिया और विष्णु सोनी ग्रुप ने महाविद्यालय के छात्रों के साथ सुंदरकांड का पाठ किया गया। छात्र कलाकारों द्वारा इस दौरान कई सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे जिसमें वह अपने अभिनय और कला को दिखाएगें । संयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, शरदचंद पालन ने विविध आयोजनों से जुड़ी जानकारी दी और महाविद्यालय के इतिहास को विस्तार से बताया। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि सभी वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा एम्युमिनाई एसोसिएशन बनाई जाएगी, जिसमें महाविद्यालय में 50 साल के दौरान पढ़ने वाले सभी पूर्व विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। के सभी विद्यार्थियों को एकजुट कर एक मंच बनाने का प्रयास किया जा रहा है तभी महाविद्यालय के इतिहास के गुलदस्ते में और नए फूल आ सके। महाविद्यालय की ओर से डॉ. शक्ति सिंह मंडलोई, डॉ. गंगाधर त्रिपाठी अनामिका सिंह, मुकेश श्रीवास्तव आदि को विशेष सहयोग रहा।

**श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के 50 वें स्थापना दिवस पर स्वर्ण जयंती**

# 2658 घरों में किया गया मच्छरों के लार्वा का सर्वे

जबलपुर, । कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देशन में जिला मलेरिया अधिकारी की टीम के द्वारा दो हजार 658 घरों में मच्छरों के लार्वा का सर्वे कार्य किया गया। यहाँ 8 हजार 909 कंटेनरों में मच्छरों के लार्वा की जांच की गई। जिसमें 13 घरों में 22 कंटेनरों में लार्वा पाये गये। जनसमुदाय को लार्वा की पहचान एवं विनष्टीकरण की शिक्षा दी गई एवं 183 बुखार पीड़ित रोगियों की आरडी किट के द्वारा जांच की गई। जिसमें मलेरिया पॉजिटिव शून्य था।

कृषि की पढ़ाई पर रोक लगाने जनहित याचिका दायर

# जबलपुर के आरडीयू और विक्रम विवि उज्जैन में कृषि पढाई के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर से नहीं मिली है अनुमति

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (आरडीयू) जबलपुर और उज्जैन के विक्रम यूनिवर्सिटी में कृषि की पढ़ाई पर रोक लगाने को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई गई है। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि दोनों ही विवि ने कृषि की पढ़ाई के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर से अनुमति नहीं ली है। वहीं छात्रों के लिए जरूरी लैब, स्टाफ, कृषि फार्म आदि जरूरी सुविधाएं नहीं हैं।यह याचिका टेक्निकल स्टाफ एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने एमपी के जबलपुर हाईकोर्ट में लगाई है। याचिका की पैरवी अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा करेंगे। याचिका में आरोप लगाया गया है कि दोनों विवि को यूजीसी की ग्रांट मिल रही है। पर यूजीसी द्वारा कृषि की प?ाई के लिए बनाए नियमों का पालन नहीं होने से ग्रांट का दुरुपयोग किया जा रहा है। आरडीयू और विक्रम विवि में कृषि शिक्षण में प्रवेश के लिए आवश्यक प्री एग्रीकल्चर टेस्ट भी नहीं लिया गया। सीधे छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा है। जबकि राज्य कृषि यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए यह परीक्षा पास करना अनिवार्य है। इस कारण छात्रों में भेदभाव भी हो रहा है। इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर के अनुशंसाओं के बगैर संचालित कृषि की प?ाई से प्राप्त डिग्रियों से ऐसे छात्रों का भविष्य अंधकार में रहेगा।

### मापदंडों पर नहीं दिया गया सर्टीफिकेट

डॉ. पीजी नाजपांडे के मुताबिक जबलपुर और ग्वालियर के कृषि विवि में होने वाली पढ़ाई को इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर के मापदंड परीक्षण बोर्ड द्वारा जांच के बाद सर्टीफिकेट दिया गया है। दोनों कृषि विवि में शैक्षणिक गुणवत्ता बनाकर कृषि पाठ्यक्रमों की पढाई हो रही है। इसके उलट आरडीयू और विक्रम यूनिवर्सिटी में कृषि शिक्षण को पिछड़े मार्ग पर ढकेला जा रहा है। दोनों विवि को इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर के मापदंडों पर सर्टीफिकेट नहीं मिला है। इस जनहित याचिका पर इस सप्ताह सुनवाई होने की उम्मीद है।

# बच्चों की काबिलियत का आकलन करने टेस्ट 12 को

**जबलपुर,** । देश में प्राथमिक और हायर स्कूल के विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को आंकने परीक्षा होने वाली है। चार साल में होने वाला नेशनल एचीवमेंट सर्वे 12 नवंबर को होगा। जिसमें जबलपुर के 218 स्कूलों के बच्चें अपनी काबिलियत का प्रदर्शन करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि देशभर में एक साथ हर राज्य में यह एक तरह का सर्वे होता है। जिसमें चुनिंदा विद्यार्थियों को शामिल किया जाता है। इसके जरिए देश की शिक्षा नीति और उसमें जरूरी बदलाव को समझने का प्रयास होता है। किस राज्य के विद्यार्थी में शिक्षा का स्तर कैसा है इसका भी पता इस सर्वे के जरिए लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि कक्षा तीन,पांच,आठ और कक्षा 10 के विद्यार्थी इसमें शामिल होते हैं। जिले में 218 स्कूल चिन्हित है। इसमें अधिकतम 30 विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल किया जाएगा। हर स्कूल में पर्यवेक्षक नियुक्त हुए है जो परीक्षा के कुछ देर पूर्व ही विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें परीक्षा में बैठाएंगे। ओएमआर शीट पर परीक्षा होगी। पर्यवेक्षक इसकी निगरानी कर परीक्षा के बाद कापियां लेकर भोपाल भेज देंगे। सुबह 10.30 बजे से यह परीक्षा प्रारंभ होगी।

# राज्य स्तरीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ

### मेजबान जबलपुर की धाकड़ शुरूआत





**जबलपुर।** स्थानीय एमएलबी स्कूल के सामने स्थित खेल विभाग के मैदान में मध्यप्रदेश एमेच्योर खो-खो एसोसिएशन द्वारा आयोजित 54वीं राज्य स्तरीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि पाटन क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय विश्नोई ने किया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री शरद जैन ने की। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथि थे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जबलपुर और सतना जिले की पुरुष वर्ग की टीमों के बीच खेला गया जिसमें जबलपुर ने एक पारी और दस अंकों से जीत हासिल की। प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 जिलों की महिला एवं पुरुष वर्ग की टीमें शामिल हो रही हैं।प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री अजय विश्नोई ने इसमें भाग लेने आये सभी खिलाड़ियों का जबलपुर की जनता की ओर से स्वागत किया।

**दिसंबर में राष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता नगर में** श्री विश्नोई ने कहा कि जबलपुर के लिए गर्व का विषय है कि राज्य स्तरीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता के बाद इस शहर को दिसम्बर माह के आखिरी सप्ताह में राष्ट्रीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल होने आये सभी खिलाड़ियों को अपने कौशल का बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समय के साथ खो-खो के स्वरूप में भी परिवर्तन आया है और मिट्टी के मैदान पर खेला जाने वाला यह खेल अब गद्दे पर भी खेला जाने लगा है।

**प्रो खो-खो लीग भी जल्द होगी शुरू** श्री विश्नोई ने कहा कि जल्दी ही आईपीएल और प्रो. कबड्डी की तर्ज पर प्रो खो-खो लीग भी होने लगेगी। अब बड़े-बड़े उद्योग घराने अपनी-अपनी टीमें बनायेंगे। इससे इस खेल के खिलाड़ियों को भी पहचान और पैसा दोनों मिलेगा।

उद्घाटन समारोह में भारतीय खो-खो महासंघ के संयुक्त सचिव एवं मध्यप्रदेश एमेच्योर खो-खो एसोसिएशन के सचिव विश्वामित्र अवार्डी संजय यादव, मध्यप्रदेश एमेच्योर खो-खो एसोसिएशन के संरक्षक योगेन्द्र दुबे एवं कोषाध्यक्ष विनोद पोद्दार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर एमएलबी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती प्रतिभा मिश्रा भी विशेष रूप से मौजूद थीं।

### स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से खेलें :शरद जैन

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री शरद जैन ने प्रतियोगिता में शामिल हो रहे सभी खिलाड़ियों का स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से खेलने का आव्हान किया। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन की कामना व्यक्त करते हुए आयोजकों को बधाई दी।

### खिलाड़ी आउटडोर खेलों में ज्यादा रूचि लें- बहुगुणा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने खेलों को व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए युवाओं का आव्हान किया कि वे मोबाइल, इंटरनेट में व्यस्त रहने की बजाय आउटडोर खेलों में ज्यादा रूचि लें। श्री बहुगुणा ने कहा कि खो-खो एक टीम गेम है और इस तरह के खेलों से आपसी समझ, सहयोग और समन्वय की भावना पैदा होती है। यही खेल भावना जीवन के कठिन दौर में भी व्यक्ति का मनोबल बढ़ाती है। पुलिस अधीक्षक ने प्रतियोगिता में शामिल होने आये सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि जबलपुर के लिए यह गर्व का विषय है कि यहां दिसम्बर माह में राष्ट्रीय स्तर की खो-खो प्रतियोगिता होने जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी है।

## ताल वाद्य कार्यशाला का शुभारंभ

**जबलपुर।** श्री जानकी रमन महाविद्यालय में किया गया, ताल वाद्य कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला 12 नवंबर तक शाम 5 बजे से 7 बजे तक संचालित होगी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया, कार्यशाला मैं प्रशिक्षण बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी से प्रशिक्षण प्राप्त कु मनु कौशल दे रही हैं एवं कार्यशाला का निर्देशन डॉ शिप्रा सुल्हेरे कर रही हैं, प्रशिक्षण मैं प्रशिक्षर्थियों को बताया गाया की तालवाद्य संगीत में ऐसा वाद्य यन्त्र जिस से ध्वनी उसपर हाथ या अन्य किसी उपकरण से प्रहार द्वारा या रगड़कर उत्पन्न हो। इसके उदाहरण तबला, डमरु, झांझ और मृदंग हैं। झांझ जैसे तालवाद्यों में दो एक-समान भाग होते हैं जिन्हें आपस में टकराकर संगीत बनाया जाता है। सचिव दविन्दर सिंह ग्रोवर ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संस्था की नाट्य प्रस्तुतियों, रंगसंगीत में वाद्य यंत्रों का नवीन तरह से उपयोग एवं संस्था के श्री जानकी बैंड ऑफ वूमेन में नए वाद्य यंत्रों का समावेश किया जा सके । वरिष्ठ रंगकर्मी विनय शर्मा एवं संजय गर्ग द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किये, कार्यक्रम मैं श्री जानकी रमन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डॉक्टर अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉक्टर आनंद सिंह राणा, रविंद्र मुर्हार, सूचि कौशल आदि का विशेष सहयोग रहा।

### पहले दिन 26 हजार पात्र व्यक्तियों को लगी कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज

# विशेष अभियान- औद्योगिक क्षेत्र रिछाई पहुंची मोबाइल टीम


**जबलपुर।** कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने जबलपुर जिले में चलाये जा रहे विशेष अभियान के पहले दिन सोमवार को लगभग 26 हजार पात्र व्यक्तियों को कोरोना की वैक्सीन लगाई गई। विशेष अभियान के लिये सोमवार को जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में करीब 280 टीकाकरण केन्द्र स्थापित किये गये थे।






प्रत्येक केन्द्र पर कोरोना की दोनों वैक्सीन कोविशील्ड और कोवैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चत की गई थी। टीकाकरण केन्द्रों के अलावा मोबाईल वैक्सीन वेन के माध्यम से भी ड्यू लिस्ट के मुताबिक छूट गये लोगों को घर-घर जाकर वैक्सीन लगाई गई। इनमें अधिकतर दिव्यांग, बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति शामिल थे। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस.एस. दाहिया के अनुसार सेकेण्ड डोज के वैक्सीनेशन के अभियान के लिये कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने निर्देश पर आज आमजनों को वैक्सीनेशन के लिये प्रेरित करने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को भी अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. दाहिया के बताया कि पांच हफ्ते के विशेष अभियान के दूसरे दिन कल मंगलवार 9 नवम्बर को भी नियमित टीकाकरण के साथ कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई जायेगी। डॉ. दाहिया ने दूसरी डोज लगाने के पात्र सभी व्यक्तियों से निकट के टीकाकरण केन्द्र जाकर वैक्सीन लगवाने का आग्रह किया है। कोरोना वैक्सीन विशेष अभियान के अंतर्गत उद्योग विभाग और लघु उद्योग भारती के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल टीम द्वारा औद्योगिक क्षेत्र रिछाई में वैक्सीनेशन किया गया। यह मोबाइल टीम क्षेत्र में आज भी भ्रमण कर औद्योगिक ईकाईयों में कार्यरत पात्र कर्मचारियों को वैक्सीन की दूसरी डोज लगा रही है । जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक के अनुसार औद्यौगिक क्षेत्र रिछाई एवं औद्योगिक संस्थान अधारताल में संचालित इकाइयों में कार्यरत स्थाई एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मियों, श्रमिको के कोविड-19 वैक्सीनेशन के द्वितीय डोज के शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति हेतु उद्योग विभाग के अधिकारियों की टीम गठित की गई है। टीम इकाइयों से कर्मचारियों का डाटा कलेक्ट करेगी, वैक्सीनेशन कराएगी और शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का प्रमाण पत्र प्राप्त करेगी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार दूसरी डोज लगाने बुधवार दस नवम्बर को चलाये जाने वाले महाअभियान में भी दोनो क्षेत्रों में कैंप का आयोजन उद्योग संघों के सहयोग से किया जाएगा।

### आवारा पशुओं की धड़पकड़ जारी



## 28 आवारा पशुओं को पकड़कर पहुंचाया तिलवारा गौशाला

**निगमायुक्त संदीप जी आर के निर्देशानुसार कार्यवाई**

जबलपुर। निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार शहर के आवारा पशुओं को धड़पकड़ अभियान लगातार जारी है। आज भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पशुओं को पकड़ने की कार्यवाई की गई। नगर निगम फायर ऑफिस के हाँका गैंग टीम द्वारा 28 आवारा पशुओं को पकड़कर कैटल वाहन के माध्यम से तिलवारा गौशाला में पहुँचाया गया। इस संबंध में फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर सहायक अधीक्षक राजेन्द्र पटैल ने बताया कि शहर में नगर निगम के फायर ब्रिगेड के द्वारा सुबह एवं शाम की पालियों में विशेष गैंग एवं वाहनों को लगाकर आवारा मवेशियों को धरपकड़ करने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। जिससे की लोगों को आवागमन में राहत मिल सके। यह कार्रवाई निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार की जा रही है।



## कलेक्टर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को बांटी मिठाई

**जबलपुर।** दीपावली का त्योहार भाईचारे और सौहार्दता का प्रतीक है परस्पर मेल मिलाप और खुशियों का त्योहार है आपसी मेल मिलाप और खुशियों से ही देश प्रदेश और जिले में अमन और शांति की स्थापना होती है हम आपस मैं परस्पर मिलकर रहे और मिलकर कार्य करें इसी से देश आगे चलता है। इसी मेलमिलाप की परंपरा का निर्वाह आज कलेक्ट्रेट में अधिकारी एवं कर्मचारियों का दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने कर्मचारियों के कार्य की सराहना करते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को दीपों के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर सभी के जीवन में नया प्रकाश लेकर आए और हमारा प्रदेश जिला एवं परिवार सदा, सुख, समृद्धि और सौभाग्य से आलोकित करते हुए अपनी अपनी चमक बिखेरते रहे। उनके द्वारा सभी कर्मचारी अधिकारियों को मिठाई के डिब्बों का वितरण किया गया इस समारोह में अपर कलेक्टर राजेश बाथम डिप्टी कलेक्टर सुश्री सृष्टि प्रजापति मेघा पवार सहायक आयुक्त मोहित भारती, जिला नाजिर सुधीर खरे, मंसूरी खान उमाशंकर अवस्थी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## कैदियों के लिये विधिक जागरूकता शिविर

**जबलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नईदिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष सिंह ठाकुर, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी सपना कनोडिया एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी मोहम्मद जिलानी की उपस्थिति में आजादी की 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज सोमवार को बंदियों के लिये केन्द्रीय जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कोविड-19 महामारी के मार्गदर्शी सिद्धांतो का पालन करते हुए किया गया।शिविर में सचिव मनीष सिंह ठाकुर द्वारा बंदियों हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों को अवगत कराया गया कि वे अपने प्रकरणों की जानकारी के संबंध में संबंधित न्यायालय से पेशी के दौरान निवेदन कर सकते हैं। न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी सपना कनोडिया ने गिरफ्तार व्यक्तियों के विधिक तथा मौलिक अधिकारों तथा प्लीवार्गेनिंग प्रक्रिया के अंतर्गत मामलों का निपटारा कराने की जानकारी दी।जिला विधिक सहायता अधिकारी मोहम्मद जिलानी द्वारा बंदियो को नि:शुल्क अधिवक्ता प्राप्ति की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।



## पैट्रोल- डीजल रेट कम होने पर व्यापारी प्रकोष्ठ ने किया मिष्ठान का वितरण

जबलपुर। दीपावली के शुभ अवसर पर केंद्र सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार ने पेट्रोल डीजल के रेट कम करके आम जनता को राहत प्रदान की है इस अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल के नेतृव में रानीताल स्थित पैट्रॉल पम्प में मिष्ठान वितरण किया गया । इस अवसर पर शरद अग्रवाल ने कहा कि दीपावली में इस तोहफे से आम जन में हर्ष व्याप्त है इस अवसर पर देश के यशश्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी का कार्यकर्ताओं के द्वारा आभार व धन्यवाद व्यक्त किया गया । इस अवसर पर व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शशिकांत सोनी , युवा नेता मनीष जैन कल्लू , वरिष्ठ भाजपा नेता रूपराम पटेल , नंदन दुबे , राजेंद्र चौधरी , जितेंद्र चंदोरकर , प्रशांत जैन , अंकित द्विवेदी , चंदू शर्मा , अनिल नायक , अमिताभ जैन शानू ,अंकित द्विवेदी , सुदर्शन सिंह बैस , उमंग पांडेय , अनिल नायक, विजय पाटमासे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे ।

## सब जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी स्पर्धा आयोजित

**जबलपुर।** रानीताल खेल परिसर के तीरंदाजी मैदान में 19 वीं सबजूनिवर राज्य स्तरीय बालक बालिका प्रतियोगिता प्रारंभ हुयी। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के 158 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, रिकर्व, कंपाउंड और इंडियन राउत के बालक बालिकाओं के प्रदर्शन के आधार पर, म.प्र. सब-जूनियर बालक - बालिका टीम का चयन किया जायेगा जो कि अमरावती में आयोजित राष्ट्रीय सब जूनिवर प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता के पहले दिन रिकर्व एवं कंपाउंड की प्रतियोगिता संपन्न हुई।




### परिणाम इस प्रकार हैं

कंपाउण्ड विद्या में राघव पाटीदार-इंदौर - प्रथम, शांतनु राजबूत मंडला द्वितीय एवं आशुतोष अवस्थी- जबलपुर- तृतीय स्थान पर बालक वर्ग में 7 बालिका वर्ग में वसुंधरा मंसा प्रथम, निकिता डागर - जबलपुर - द्वितीय, सलोनी किरार - जबलपुर तृतीय स्थान पर रहीं। अमित कुमार जबलपुर - प्रथम रिकर्व विद्या में बालक सनी यादव- जबलपुर-दितीय एवं जतिन बरोले ने तृतीय स्थान मंडला से प्राप्त किया । बालिका वर्ग में इसी प्रकार सोनिया ठाकुर जबलपुर- प्रथम, वितासा ठाकुर-भंडला द्वितीय एवं प्रिया - जबलपुर से तीसरे स्थान पर रहीं।

## गोपाष्टमी से प्रतिदिन गौग्रास के लिये निकालें 10 रुपये - स्वामी अखिलेश्वरानंद

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश गौ-पालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद ने आगामी गोपाष्टमी (12 नवम्बर) से गौग्रास के निमित्त रोज 10 रुपये अपनी गुल्लक में जमा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगली गोपाष्टमी पर यह राशि 3650 रुपये निकट की गौ-शाला में दान करें! यदि प्रदेश के एक करो? नागरिक भी इसमें सहयोग करते हैं, तो प्रतिवर्ष 3650 करो? की राशि गौ-शालाओं को मिलेगी। उन्होंने कर्मचारियों और जन-प्रतिनिधियों से भी एक दिन का वेतन साल में एक बार गोपाष्टमी के दिन गौ-शाला को दान करने का आग्रह किया। इससे गौ-शालाएँ 3 वर्ष में आत्म-निर्भर हो जायेंगी। बेसहारा गौ वंश की बेहतर देखभाल के साथ इनके कारण स?कों पर होने वाली दुर्घटनाएँ भी समाप्त होंगी और भारत की गौग्रास की पवित्र परम्परा लुप्त और सुप्त नहीं होगी। स्वामी अखिलेश्वरानंद ने कहा कि पिछले 4 सालों में राज्य शासन द्वारा 900 करोड़ रुपये से गौ-शालाओं का निर्माण किया गया है। प्रदेश में कुल 1728 गौ-शालाएँ संचालित हैं, जिसमें 2 लाख 39 हजार बेसहारा गौ वंश का संरक्षण किया जा रहा है। लेकिन शासन के इन प्रयासों में जन-सहयोग और जन-भागीदारी की नितांत आवश्यकता है।

## जिला दण्डाधिकारी ने लगाया कुख्यात अपराधी मनीष अहिरवार पर एनएसए

**जबलपुर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा से प्राप्त प्रतिवेदन पर कार्यवाही कर कुख्यात अपराधी शंकर नगर माढ़ोताल निवासी मनीष अहिरवार पिता मंझल अहिरवार उम्र 25 वर्ष को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत केन्द्रीय जेल जबलपुर में तीन माह की अवधि तक निरूद्ध रखने का आदेश जारी किया है। अपराधी मनीष अहिरवार पर 5 नवम्बर की रात माढ़ोताल थाना के अंतर्गत ग्रीन सिटी चौराहा के समीप ग्राम ओरिया निवासी कुणाल रैकवार उम्र 19 वर्ष को तीन साथियो के साथ हत्या के इरादे से मारपीट करने तथा सिर पर गोली मारकर गंभीर रूप से घायल करने के आरोप हैं। मनीष अहिरवार शातिर अपराधी प्रवृति का युवक है। उसके खिलाफ कई गंभीर अपराध पंजीबद्ध है।

## राजनीति को गहरे तक प्रभावित करता है गांधी दर्शन और उनकी नीतियां

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा संचालित पाठक मंच के अंतर्गत प्राप्त पुस्तकों पर चर्चा समीक्षा शास्त्री नगर, गढ़ा जबलपुर में आयोजित की गई, जिसकी शुरुआत कार्यक्रम अध्यक्ष आचार्य संजीव वर्मा सलिल, संस्थापक विश्व वाणी हिंदी संस्थान जबलपुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। एम डी अग्रवाल ने पाठक मंच को प्राप्त दोनों पुस्तकों कुछ नीति कुछ राजनीतिज( निबंध संकलन/ भवानी प्रसाद मिश्र) तथा तत्व मसि (उपन्यास - ध्रुव भट्ट) का परिचय दिया। कुछ नीति कुछ राजनीति की समीक्षा पढ़ते हुए रमाशंकर खरे ने कहा, भवानी प्रसाद मिश्र छायावादोत्तर काल के प्रमुख कवि एवं गांधीवादी विचारक रहे हैं दूसरे तार सप्तक में प्रथम कवि के रूप में उनकी विशेष चर्चा रही। जबलपुर के रावर्ट्सन कॉलेज से पढ़े मिश्रा जी को उनके काव्य संग्रह बुनी हुई रस्सी पर ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया । स्वतंत्रता संग्राम और उसके बाद गांधी दर्शन एक आंदोलन के रूप में छाया रहा, जिसका प्रभाव मानव जीवन के सभी क्षेत्रों यथा साहित्य, समाज, संस्कृति, गीत, संगीत,राजनीति इत्यादि। गांधीजी के दर्शन और नीतियों पर साहित्य सृजन करने वाले साहित्यकारों की लंबी सूची में भवानी प्रसाद मिश्र प्रमुख हैं। एम डी अग्रवाल ने कहा, लेखक व्यक्तिगत रूप से गांधी जी से जुड़े रहे और उन से अत्यंत प्रभावित भी रहे। उन्होंने गांधी दर्शन को अपने जीवन में अक्षरश: उतारा तभी भी उन के दर्शन की विशद व्याख्या कर सके हैं।मनोज जैन मित्र ने कहा कि गांधी जी समाचार पत्रों की संपादकीय के माध्यम से अपने विचार रख ते थे। उनमें देश की स्वाधीनता और हिंदी भाषा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सदैव चिंता रहती थी।रमेश यादव ने कहा कि दुनिया के अनेक भागों में गांधीजी के सिद्धांतों पर अनेक आंदोलन हुए और उन्हें सफलता मिली। कार्यक्रम में लोक कवि भगत दुबे डॉ उदय भानु तिवारी मधुकर, रमेश यादव, वासुदेव आहूजा, मनोज जैन मित्र ,सचिन राव, श्रीमती मीना पंवार, श्रीमती निशा खरे की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। एम डी अग्रवाल ने गोष्ठी संचालन किया तथा मंच संयोजक सुरेंद्र सिंह पंवार ने सभी उपस्थित साहित्यकारों के प्रति आभार प्रदर्शन किया।

## 7 महीने बिना मास्क के सफर करने वालों से वसूले साढ़े 5 लाख

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा त्योहार के समय रेल यातायात में सुरक्षा एवं संरक्षा का विशेष ध्यान दिया जाता है। रेल प्रशासन दीवाली त्योहार के अवसर पर रेल यातायात के दौरान रेलगाड़ियों में दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु यात्रियों को समझाइश दी जा रही है कि रेलगाड़ियों में यात्रा के दौरान ज्वलनशील सामग्री के साथ यात्रा न करें। पमरे के तीनों मंडलों द्वारा कोविड संक्रमण से बचाव के लिए रेल परिसर में प्लेटफार्म पर मास्क नहीं पहनने वाले रेल यात्रियों और खानपान वेंडर्स, पार्सल पोर्टर को मास्क की उपयोगिता और मास्क का महत्व बताने के लिए सभी को मास्क पहनने की हिदायत दी जा रही है। रेल प्रशासन द्वारा सभी प्रचार माध्यमों के जरिये रेल यात्रियों को मास्क पहनने के लिए निरंतर जागरूक किया जा रहा है, तथा उन्हें समझाइश भी दी जा रही है। इसके बावजूद कुछ लोग नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाते हैं। बिना मास्क पाए जाने पर ऐसे लोगों से नियमानुसार जुर्माना वसूला जा रहा है। पमरे द्वारा चलाए गए अभियान के अंतर्गत जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों पर बिना मास्क पाए जाने पर कुल 5308 यात्रियों पर कार्रवाई की गई और उनसे 5,86,600 रुपये जुर्माना वसूला गया। इसमें जबलपुर मण्डल पर 1431 यात्रियों से 1,64,750 रुपये, भोपाल मण्डल पर 2423 यात्रियों से 2,76,450 रुपये और कोटा मण्डल पर 1454 यात्रियों से 1,45,400 रुपये जुर्माना वसूल कर बिना मास्क पाये जाने के खिलाफ कार्रवाई की गई।



## अमर शहीद बिरसा मुंडा की जयंती पखवाड़ा पर विविध आयोजन

**जबलपुर।** अमर शहीद बिरसा मुंडा की जयंती पखवाड़ा श्रंखला में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया एवं दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात खेल के कार्यक्रम प्रारंभ किए गए । दौड़ प्रतियोगिता मैं मैराथन दौड़ में जो गोहलपुर से बिरसा मुंडा तिराहे अधारताल तक संपन्न हुई जिसमें प्रथम स्थान विजेंद्र साहू एवं महिला वर्ग से प्रथम अंशिका लोधी का रहा इसके अतिरिक्त पतंगबाजी गेंद मार चींटी धप पंच गोटी पीटटू लट्टू एवं गिल्ली डंडा पतंगबाजी खेलों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय सक्सेना विधायक मध्य क्षेत्र एवं पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया, संघ के पदाधिकारी रोशनलाल कॉल जेठालाल कॉल कुंजीलाल गोटिया भैयालाल गोटिया श्री मदन सिंह भोमिया शिवकुमार गोटिया बलवीर गोटिया जितेंद्र गोटिया लक्ष्मीनारायण कोल हरिप्रसाद कोल एवं खेल जगत से प्रशांत मिश्रा, दिनेश ठाकुर आदि उपस्थित थे

## जरूरतमंद परिवार को रोशन करें : विनय सक्सेना

**जबलपुर।** संत सेन सामुदायिक भवन समिति मढोताल के तत्वावधान में विनय सक्सेना विधायक जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, राजाबाबू श्रीवास, नारायण श्रीवास, जगदीश पलिया, प्यारेलाल श्रीवास रहे। कार्यक्रम में सेन जी महाराज के तैल चित्र पर माल्यापर्ण व पूजन के पश्चात मुख्य अतिथि श्री सक्सेना ने कहा कि समाज के दीपावली मिलन समारोह की सार्थकता तभी हो सकती है जब जरूरतमंद के परिवार, घर को आप रोशन करें उसके ओठों पर मुस्कान लाएं। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समाजसेवी आलोचकों को प्रेरणा मानें। सेन भवन में पानी की समस्या के निदान हेतु विधायक श्री सक्सेना ने भवन प्रांगण में बोरिंग कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में भवन समिति के अध्यक्ष सीताराम उसरेठे, शिवबहादुर श्रीवास, मोहन श्रीवास, महेश श्रीवास, के एल सेन, गौरीशंकर सेन, संतोष सेन, विजय सेन, महेश सेन, चन्द्रप्रकाश श्रीवास, पी एल सेन सहित सामाजिकजनों की उपस्थिति रहीं कार्यक्रम का संचालन संयोजन मोहन श्रीवास ने किया।



## 2121 दीपों से दीपावली उत्सव मनाया

**जबलपुर।** परशुराम धाम ग्वारीघाट में संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा 2121 दीपों से दीपावली उत्सव मनाया गया। प्रथम चरण में गौ माता का पूजन मां नर्मदा का पूजन भगवान परशुराम जी की आरती के साथ उपस्थित नर्मदा परिक्रमा साधु संतों को मिठाई लाई बताशा प्रदान कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस मौके पर धनंजय बाजपेई डॉक्टर अरुण मिश्रा अनिल दुबे जी मनु दुबे श्रीमती दुबे संत राम रागी सुधाकर मिश्र यदुवंश मिश्रा श्रीमती मीरा दुबे सुनीता गिरीश पांडे आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस सेवादल का तीन दिवसीय सहयोगी प्रशिक्षण शहरी शिविर

# निर्भीक साथी ही कर सकते हैं हिटलर शाही का सामना

**जबलपुर।** सेवादल के शिविर, विचार मंथन और पर्सनालिटी डेवलपमेंट शोध केंद्र होते हैं यहां बैठकर आप लोग जो रिसर्च करते हैं । वह राजनीति की दिशा को निर्धारित करता है वर्तमान समय में देश संकट के दौर से गुजर रहा है सेवा दल की वही भूमिका है जो आजादी के दौरान जो हमारे बुजुर्गों ने निभाई है । सेवादल के निर्भीक साथी ही इस हिटलर शाही का सामना कर सकते हैं। हर मोर्चे पर असफल सरकार लोकतंत्र के सभी महत्वपूर्ण स्तंभों को ध्वस्त करना चाहती है ऐसे में सेवादल और कांग्रेस के सभी साथियों का पवित्र कर्तव्य है देश की रक्षा के लिए अपनी सर्वोच्च योग्यता के साथ इस काम को संपादित करें। उक्त आशय के विचार शहर कांग्रेस सेवा दल द्वारा हारडीकर भवन अमखेरा में तीन दिवसीय सहयोगी प्रशिक्षण शहरी शिविर के द्वितीय सत्र में पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया ने व्यक्त किए । शिविर के प्रथम सत्र में ऑल इंडिया कांग्रेस सेवा दल के संगठन एवं समीक्षा प्रभारी डॉक्टर सत्येंद्र यादव ने सेवादल के ऐतिहासिक महत्व आर एस एस और सेवा दल के मूल्यों की समालोचक समीक्षा और कार्यप्रणाली पर विस्तार से अपने विचार रखे उन्होंने कहा कि हिंसा आधारित विचारधारा सावरकर की इस देश की राजनीति में खोज थी




उन्होंने अपने प्रिय शिषयों के माध्यम से गांधीजी की अहिंसा के विरोध में उनकी हत्या तक की साजिश की और यह प्रयास अनेक वार किए गए अंतत: गांधी को देह से इस दुनिया से विदा किया किंतु विचारों से गांधीजी पूरे संसार में पूजनीय हो गए उन्होंने कहा कि सेवादल वर्तमान परिपेक्ष में अपने वैचारिक संगठन के रूप में इस देश की दूसरी आजादी की लड़ाई लड़ रहा है जिसके हम सब सिपाही हैं शिविर के प्रारंभ में सेवा दल के सभी प्रतिभागियों के साथ डॉक्टर सत्येंद्र यादव ने ध्वज वंदन किया और सेवादल के संस्थापक डॉक्टर हड्डी कर और महात्मा गांधी के चित्रों पर माल्यार्पण कर शिविर का उद्घाटन किया। तीन सत्रों में हुआ केंद्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित यह प्रथम दिवस लगभग 50 प्रतिभागियों की संख्या के साथ विभिन्न तकनीकी माध्यमों से प्रतिभागियों की कार्य क्षमता को बढ़ाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने पूरे शिद्दत से हिस्सेदारी की 3 दिन चलने वाले इस शिविर में अतिथियों के माध्यम से प्रशिक्षण जारी रहेगा। अतिथियों का स्वागत युवा विंग के अध्यक्ष अध्यक्ष यतींद्र सोनी प्रतिभागियों की ओर से महेश मिश्रा और विनय नेमा किया तीनों सत्र के बीच ञ्हञ्ज अहमदाबाद शिविर में प्रशिक्षित नगर अध्यक्ष सतीश तिवारी एवं महिला विंग अध्यक्ष मीनाक्षी स्वामी ने प्रतिभागियों को विधिवत प्रशिक्षण के प्रखंड संचालित किए प्रदेश प्रशिक्षक अशोक बर्मन ने अपने प्रशिक्षण कालखणड में ध्वज संबंधित नियम और मैदान संबंधित ड्रिल और क्ब्ज़ का प्रशिक्षण दिया निरंतर चल रहे प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों का समग्र विकास के लिए स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ है।


### वैदिक ज्योतिष समाधान

कुंडली निर्माण/फलादेश, कुंडली मिलान/गुण मिलान, नौकरी/व्यापार, बाधा, शैतान बाधा, विवाह बाधा/स्वास्थ्य समस्याएँ , कानूनी विवाद/प्रापर्टी विवाद,पितृदोष/मंगलदोष/ऋणदोष आदि कुंडली दोषो आदि किसी भी तरह की जीवन से जुड़ी समस्याओं के वैदिक ज्योतिष समाधान के लिए संपर्क करें।

ज्योतिषाचार्य आशीष कुमार रांझी, जबलपुर

मो./वॉट्सएप 8319296558, 9165367125,

समय: 9 AM से 10 PM

# हंगामे के डर से पुलिस ने हमीदिया का गेट किया बंद, दो सौ पुलिसकर्मी तैनात

**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल के पीडियाट्रिक वार्ड में सोमवार रात लगी भीषण आग के चलते चार बच्चों की मौत के बाद पुलिस ने भारी पुलिस बल हमीदिया अस्पताल में तैनात कर दिया गया है। करीब दो सौ पुलिस कर्मियों को तैनात करते हुए मुख्य गेट से लेकर कमला नेहरू अस्पताल तक सुरक्षा घेरा बनाया है। पुलिसकर्मी अभी भी किसी को अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। अब परिजनों को अपने बच्चों की अदला-बदली की चिंता सताने लगी है। घटना की जानकारी लगने के बाद अस्?पताल में भर्ती बच्चों के परिजन व रिश्तेदार राजगढ़, विदिशा और सीहोर से भी अस्पताल पहुंचे हैं।पुलिस के आला अधिकारियों का कहना है कि हंगामा के आसार लगने के कारण पुलिस को तैनात किया गया है। जब तक प्रशासनिक अधिकारियों के नए निर्देश जारी नहीं किए जाते हैं, तब पुलिस हमीदिया अस्पताल में तैनात रहेगी। मालूम हो कि कमला नेहरू अस्पताल में आगजनी की घटना की चार बच्चों की मौत हो गई




थी। इस हादसे में मृत बच्चां के परिजनों को रात में इसकी जानकारी दे दी गई थी। उसके बाद से अस्पताल में पुलिस का पहरा बढ़ा दिया गया है। पुलिस को आशंका है कि परिजन हंगामा कर सकते हैं। विदिशा से आए रामसिंह का कहना है कि उनकी बेटी का बच्चा दो दिन से अस्पताल में भर्ती है, अस्पताल में हादसे की जानकारी लगी तो वह विदिशा से भोपाल आ गए थे, लेकिन पुलिस कर्मी उनको अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। हमीदिया अस्पताल के गेट पर उनको रोक लिया गया था। उनका कहना है कि इस तरह का व्यवहार पुलिस का उचित नहीं है। इतना बड़ा हादसा हो गया है, उसके बाद अब लोगों को परेशान किया जा रहा है। उनकी बेटी का बच्चा कहां और किस हालत में है, उसकी जानकारी तक अभी अस्पताल ने नहीं दी है।

## अब भी खाली हैं 6.35 लाख सीटें

### यूजी-पीजी में प्रवेश के लिए आज से तीसरा अतिरिक्त सीएलसी राउंड

भोपाल। प्रदेश के यूजी-पीजी कालेजों में सीटें भरने के लिए कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) का तीसरा अतिरिक्त राउंड शुरू किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कालेजों में यूजी-पीजी की खाली सीटों को भरने के लिए मंगलवार से 16 नवंबर तक तीसरा अतिरिक्त राउंड चलाया जा रहा है। मंगलवार से 14 नवंबर तक नए पंजीयन व उनके आनलाइन सत्यापन कराए जाएंगे। 15 नवंबर को अवकाश होने के कारण कालेज बंद रहेंगे, इसलिए 16 नवंबर को विद्यार्थियों को कालेजों में फीस जमा कर प्रवेश लेना होगा। इसके साथ ही दूसरे चरण के सीएलसी राउंड के सत्यापित आवेदक कालेजों में पहुंचकर एडमिशन ले सकेंगे। कालेज इस दौरान प्रतिदिन एक बजे तक मेरिट लिस्ट जारी करेंगे। इसके साथ ही आनलाइन शुल्क भुगतान के लिए लिंक इनिसिएट करेंगे। मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद विद्यार्थी दूसरे दिन 11 बजे तक आनलाइन फीस का भुगतान कर प्रवेश सुनिश्चत करेंगे। ज्ञात हो कि विभाग द्वारा ई-प्रवेश के माध्यम से प्राइवेट और सरकारी 1,301 में उपलब्ध यूजी-पीजी की 12,64,912 सीटों में प्रवेश के लिए दो अतिरिक्त सीएलसी राउंड सहित पांच राउंड की काउंसलिंग की गई। पांच राउंड की काउंसलिंग के बाद भी कई विद्यार्थी विभिन्न कारणों से कालेजों में प्रवेश से वंचित रह गए हैं।



## मध्य प्रदेश में 6000 से अधिक को मिलेगा रोजगार, मुख्यमंत्री से निवेशकों ने की भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मंत्रालय में उद्योगपतियों ने भेंट कर प्रदेश में वर्तमान और भावी निवेश की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न् इकाइयों की स्थापना और विकास के लिए उद्योगपतियों को राज्य सरकार द्वारा पूरा सहयोग देने की बात कही। निवेश वाले क्षेत्रों में टेक्सटाइल, पेपर निर्माण और वेस्ट-टू-प्रोडक्ट इकाइयों ने लगभग 15 सौ करोड़ रुपये निवेश के प्रस्ताव दिए हैं।इंडो-रामा सिंथेटिक्स इंडिया लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विशाल लोहिया ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने प्रदेश में 600 करोड़ र्स्पये के निवेश के साथ टेक्सटाइल क्षेत्र में स्पिनिंग इकाई लगाने का निर्णय लिया है। इससे 3200 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार मिलेगा। औद्योगिक संस्थान ने दूसरे चरण में भी 600 करोड र्स्पये के निवेश का विचार किया है। इस तरह कुल 1200 करोड़ के निवेश की योजना है।कंपनी प्रदेश के किसानों से काटन खरीदेगी। वर्तमान में कंपनी काटन और पालिस्टर यार्न बनाती है। इनके उत्पाद यूरोपियन और दक्षिण अमेरिकन देशों में निर्यात होते हैं। महिमा फाइबर के उद्योगपति रोहित दोशी, अमृत पेपर्स के मनोज बाहेती और होसविन इंसीनेटर के सैयद अरशद अली वारसी ने भी मुलाकात की।काटन जिनिंग, स्पिनिंग और वीविंग के क्षेत्र में कार्यरत महिमा फाइबर्स की वर्तमान में धार और खरगोन जिले में 600 करोड़ रुपये के निवेश की दो इकाइयां काम कर रही हैं। महिमा फाइबर्स के एमडी रोहित दोषी ने मुख्यमंत्री को दोनों जिलों में करीब 625 करोड़ रुपये के नवीन निवेश प्रस्तावों से अवगत करवाया, जिसमें लगभग 2000 लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रदेश में यह अपनी तरह का अलग औद्योगिक निवेश होगा। अमृत पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालक मनोज बाहेती ने जानकारी दी कि धार जिले के ग्राम बोदला में 17.75 हेक्टेयर भूमि पर एक लाख टन सालाना क्षमता की क्राफ्ट पेपर निर्माण की इकाई की स्थापना की जा रही है। प्रथम चरण में करीब 150 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। इससे कुल 350 लोगों को रोजगार मिलेगा। द्वितीय चरण में भी करीब 150 करोड़ र्स्पये का निवेश किया जाएगा। वर्तमान में संस्थान द्वारा अखबारी कागज, फोटो कापियर पेपर, पैकेजिंग बोर्ड आदि का व्यवसाय किया जा रहा है। होसविन इंसिनेटर के मैनेजिंग डायरेक्टर सैय्यद अरशद अली वारसी ने बताया कि अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कंपनी स्थानीय निकायों को सहयोग करती है। गत 20 वर्ष से इंदौर में कामन बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फेसिलिटी का संचालन भी किया जा रहा है। नवीन निवेश प्रस्ताव में इंदौर जिले की देपालपुर तहसील के ग्राम चीराखान में 153 करोड़ 79 लाख र्स्पये के निवेश के साथ वेस्ट-टू-प्रोडक्ट इकाई की स्थापना प्रस्तावित है। इस इकाई के लग जाने से लगभग 450 लोगों को रोजगार होगा। जैविक कचरे से खाद, डायपर सेनेटरी के निपटान, प्लास्टिक पुनर्चक्रण और जैव मेथीनेशन से कंप्रेस्ड बायोगैस के निर्माण के कार्य, इस इकाई की स्थापना से संभव हो सकेंगे।

# छोटे बकायादारों पर नहीं लगेगा कोई एक्स्ट्रा टैक्स

## भोपाल नगर निगम-20 हजार से ज्यादा कर जमा करने वाले करदाताओं पर आएगा बोझ




**भोपाल।** शहर के ऐसे बकायादार करदाताओं को एक जनवरी से 31 मार्च की समयावधि अपने मकान, प्लॉट व अन्य संपत्तियों का कर पर हर महीने तीन फीसद अधिभार देना होगा। इसकी जद में सालाना 20 हजार रुपये व इससे अधिक राशि सालना जमा करने वाले करदाता आएंगे। जिनकी संख्या तीन हजार से अधिक है, जो समय पर कर जमा करते हैं। 20 हजार रुपये से कम कर जमा करने वाले करदाताओं को अधिभार नहीं देना होगा। इनकी संख्या एक लाख 27 हजार 463 है, जो नियमित रूप से कर जमा करते हैं। वर्तमान में संपत्तिकर जमा करने पर कोई अधिभार नहीं लिया जाता है। सिर्फ पिछले साल के बकाया संपत्तिकर पर 15 फीसद का अधिभार लगता है। एक अप्रैल से 31 अगस्त छह फीसद तक की छूट जारी रहेगी। एक सितंबर से 31 मार्च तक न छूट न अधिभार नहीं लगता था। नए आदेश के अनुसार एक जनवरी से लगेगा। नगर निगम आयुक्त वीएस चौधरी कोलसानी ने रविवार को अधिभार की दरें कम करने का आदेश जारी कर दिया। नगर निगम आयुक्त का कहना है कि अधिभार की राशि प्रदेश के चार बड़े नगर निगम इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर व जबलुपर से कम है। चारों शहरों में फीसद की दर से अधिभार लिया जाता है। इंदौर में पांच से 10, उज्जैन में प्रतिमाह एक फीसद हर महीने व अधिभार की गणना 24 फीसद से अधिक नहीं है। वहीं ग्वालियर में 2.5 फीसद हर महीने और अधिभार की गणना अधिकतम 15 फीसद से अधिक नहीं है। वहीं जबलपुर में एक जनवरी से 31 मार्च तक 15 फीसद अधिभार लगता है। 31 मार्च के बाद संपत्तिकर जमा करने पर 15 फीसद तक अधिभार लिया जाएगा। नगर निगम ने आदेश को लागू कर दिया है। आदेशानुसार कर की दरें इस तरह रहेंगी। एक अप्रैल से 31 अगस्त तक संपत्तिकर पर छह फीसद की छूट दी जाएगी, जबकि एक सितंबर से 31 दिसंबर तक संपत्तिकर पर कोई छूट व अधिभार नहीं लिया जाएगा। एक जनवरी से 31 मार्च तक संपत्तिकर एवं अन्य लगने कर मिलाकर 20 हजार तक की राशि भी न कोई छूट और न कोई अधिभार लगेगा। संपत्तिकर व अन्य कर मिलाकर राशि 20 हजार से अधिक होने पर कोई छूट नहीं दी जाएगी, तीन फीसद तक हर महीने अधिभार लिया जाएगा। 31 मार्च के बाद संपत्तिकर एवं अन्य करों की राशि सहित बकाया राशि पर 15 फीसद का अधिभार लगेगा।

### भोपाल नगर निगम संपत्तिकर पर एक नजर

हर वित्तीय वर्ष-छूट-अधिभार, एक अप्रैल से 31 अगस्त-छह फीसद (सिर्फ संपत्ति के मद में)-0 फीसद, एक सितंबर से 31 दिसंबर तक-कोई छूट नहीं, कोई अधिभार नहीं, एक जनवरी से 31 मार्च तक संपत्तिकर व अन्य कर 20 हजार रुपये होने तक-कोई छूट नहीं, अधिभार नहीं, एक जनवरी से 31 मार्च तक संपत्तिकर एवं अन्य देय कर 20 हजार रुपये से अधिक होने पर-कोई छूट नहीं-तीन फीसद हर महीने (महीने की पहली तारीख से सिर्फ चालू वर्ष के संपत्ति कर पर)

# एमबीए में बढ़ रहा है शहर के विद्यार्थियों का रूझान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में हर वर्ष एमबीए का कोर्स कराने वाले कालेजों की आधी सीटें तक खाली रह जाती थी लेकिन इस वर्ष एमबीए में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़ गई है। ज्यादातर कालेजों की सीटें फुल हो गई है। कुछ कालेज तो ऐसे हैं जिन्हें वेटिंग लिस्ट तक बनाने की जरूरत बन रही है।

पिछले वर्षो में कालेजों में बिना किसी परेशानी के प्रवेश मिल जाता था लेकिन अब शहर के ज्यादातर कालेजों में एमबीए की सीट भर गई है। शीर्ष दस कालेजों की बात करें तो वहां भी किसी विद्यार्थी को प्रवेश लेना हैं तो उन्हें भी इंतजार करना पड़ रहा है। विद्यार्थी प्राइवेट विश्वविद्यालयों में भी संपर्क कर रहे हैं लेकिन वहां भी फिलहाल सीट उपलब्ध नहीं होने की बात कही जा रही है।पिछले वर्षो में करीब छह से सात हजार सीटें खाली रह जाती थी लेकिन इस वर्ष बहुत कम सीटें खाली रहने का अनुमान है।

### आनलाइन क्लास होने से रुझान ज्यादा

कालेज संचालकों का कहना है कि आनलाइन कक्षाएं संचालित होने से इस वर्ष रूझान ज्यादा है। बीए, बीकाम और बीएससी कर चुके विद्यार्थी भी अब आगे की पढ़ाई करना चाहते हैं इसलिए वे भी प्रवेश ले रहे हैं। छात्रवृत्ति और सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ मिलने से भी कई विद्यार्थी एमबीए करना पसंद कर रहे हैं। शहर के एक कालेज के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी अतुल भारत का कहना है कि दो से तीन वर्ष में एमबीए की मांग कंपनियों में बढ़ी है। फाइनेंस, मार्केटिंग, ई- कामर्स, एचआर क्षेत्रों में अच्छी मांग है इसके चलते कई विद्यार्थी एमबीए की ओर आ रहे हैं।




**भोपाल।** राजधानी शाहपुरा में एक महिला बैंक अधिकारी को कट्टा दिखाकर दो बदमाशों ने लूटपाट की। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के बाद एफआइआर दर्ज कर ली है।

## महिला बैंक अधिकारी से कट्टा दिखाकर लूट

चौंकाने वाली बात यह है कि यह वारदात ऐसे समय में की गई है, जब प्रधानमंत्री की भोपाल यात्रा के देखते हुए पूरे शहर में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। शाहपुरा पुलिस के अनुसार गुजराती कॉलोनी निवासी 53 वर्षीय सुरेखा मजुमदार बैंक में लेखापाल हैं। वह रविवार को सामान लेने के लिए मार्केट गई थी। जहां से वापस आते समय उनको बाइक सवार दो बदमाशों ने रोका उनके पास पता पूछने के बहाने से रोका और उनके रूकते ही आरोपितों ने उन पर कट्टा अड़ा दिया। यह देखकर महिला घबरा गई। आरोपितों ने उसके शरीर पर जितने जेवरात थे, वह सब उतरवा लिए और उनसे पर्स छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद उन्होंने घर पहुंचकर पूरी वारदात बताई। बाद में पुलिस थाने पहुंचकर घटना के बारे में शिकायत की। इस पर पुलिस ने केस दर्ज कर नगदी 17 सौ और आर्टिफिशियल जेवर की लूट का मामला दर्ज किया गया है।

# मंडियों का मास्टर प्लान तैयार करवा रही शिवराज सरकार

**भोपाल।** किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश में कृषि उपज मंडियों की बड़ी भूमिका होगी। इसके लिए शिवराज सरकार अब मंडियों का मास्टर प्लान तैयार करवा रही है। इसमें अनुपयोगी भूमि का उपयोग कृषि से जुड़े उद्योगों की स्थापना के लिए किया जाएगा। किसान जब उपज लेकर मंडी पहुंचेगा तो उसे ग्रेडिंग कराने के लिए सारटेक्स मशीन उपलब्ध होगी। इसी तरह मिनी प्रसंस्करण इकाई व पैकिंग सुविधा भी मिलेगी। इससे किसान को उपज की उचित कीमत मिल सकेगी। कृषि से जुड़े उद्योग लगाने के लिए निजी क्षेत्र को मंडियां कलेक्टर दर के हिसाब से भूमि उपलब्ध कराएंगी। इससे मंडियों की अनुपयोगी भूमि का उपयोग भी हो जाएगा और किसान को एक जगह पर उपज को गुणवत्तायुक्त बनाने की सुविधा भी मिल जाएगी। प्रदेश की मंडियों में अभी उपज की नीलामी के लिए खरीद-बिक्री के लिए प्लेटफार्म, दुकानें और गोदाम उपलब्ध हैं। जबकि, मंडियों के पास काफी भूमि है, जो खाली पड़ी हुई है। इसका सदुपयोग



किसानों की आय बढ़ाने के लिए करने की कार्ययोजना बनाई है। इसके तहत सभी मंडियों का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इसमें भूमि का उपयोग सिर्फ कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्योगों की स्थापना के लिए किया जाएगा। निजी सहभागिता से ऐसे उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया जाएगा, जिससे किसानों की आमदनी में वृद्धि हो। इसके लिए सारटेक्स मशीनें लगाने को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे किसान जब उपज लेकर मंडी आएगा तो वो ग्रेडिंग करा सकेगा। इससे उसे उपज के बेहतर दाम मिल सकेंगे। वहीं, छोटी दाल मिल और गोदाम की स्थापना भी की जाएगी। इससे किसान यदि कुछ फसल बाद में बेचने के लिए रखना चाहता है तो उसे उपज को कहीं और नहीं ले जाना होगा। बायोफ्यूल तैयार करने के लिए संयंत्र लगाने के लिए भी मंडी की भूमि दी जाएगी। कृषि अधोसंरचना निधि के माध्यम से किसानों की आय को बढ़ाने के लिए सहकारी समितियां या नए उद्यमी काम शुरू करना चाहते हैं तो उन्हें भी विकसित भूखंड मिल जाएगा। कृषि मंत्री कमल पटेल का कहना है कि मंडियों में किसानों को सभी अत्याधुनिक सुविधाओं मिलें, इस दिशा में सरकार काम कर रही है। किसान जब मंडी में आएगा तो उसे सभी प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी। ये सुविधाएं मिलने से किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी।

# जोबट से कांग्रेस की हार पर मंथन

## अपनों का साथ नहीं मिला इसलिए हारे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की जोबट विधानसभा के उपचुनाव में हारने के बाद से कांग्रेस के उम्मीदवार महेश पटेल ने आरोप लगाया कि उन्हें अपनों का साथ नहीं मिला। उन क्षेत्रों में भी कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ा, जो स्थानीय नेताओं के प्रभाव वाले हैं। उनका इशारा भूरिया परिवार की भूमिका की ओर था। नोटा में गए वोटों को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाए और कहा कि ये सारे वोट कांग्रेस के थे। वहीं, पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी नितेन्द्र सिंह राठौर ने मतदान केंद्रों पर कब्जा करने की बात रखी। उपचुनाव के परिणामों की समीक्षा सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह प्रदेश प्रभारी सीपी मित्तल और सुधांशु त्रिपाठी ने की। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भी देर शाम निर्वाचन प्रभारी और प्रत्याशियों से जानकारी ली। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रीय सचिव सह प्रदेश प्रभारी सीपी मित्तल और सुधांशु त्रिपाठी ने एक के एक करके उपचुनाव के प्रत्याशियों और चुनाव प्रभारियों से चर्चा की। वहीं, कमल नाथ ने आवास पर बैठक की। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान महेश पटेल ने कहा कि उन स्थानों पर कांग्रेस हार गई, जहां हमेशा पार्टी जीतती रही है। स्थानीय नेताओं ने भी साथ नहीं दिया। भूरिया परिवार से भी अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। उन्होंने निर्दलीय नामांकन पत्र भी दाखिल कर दिया था और मैदान से हटने के लिए तैयार नहीं थे। काफी मान-मनोव्वल के बाद वे माने थे लेकिन चुनाव के दौरान सक्रिय नहीं रहे। उन्होंने पांच हजार 603 वोट नोटा में जाने को लेकर भी सवाल उठाए हैं। वहीं, नितेन्द्र सिंह राठौर ने पुलिस और प्रशासन द्वारा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मतदान केंद्रों पर कब्जा करने को हार की मुख्य वजह बताया।

### आज होगी जिला प्रभारियों की बैठक -

पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ मंगलवार को जिला प्रभारियों के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठक करेंगे। इस दौरान वे संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। मंडलम और सेक्टर के गठन की प्रभारियों से रिपोर्ट ली जाएगी और सदस्यता अभियान को गति देने की कार्ययोजना बनाई जाएगी।

# वर्ष 2022 के अंत तक प्रदेशमें भाजपा का वोट प्रतिशत 51 फीसद करना लक्ष्य - प्रभारी पी. मुरलीधर राव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश भाजपा के प्रभारी पी. मुरलीधर राव ने कहा है कि वर्ष 2022 के अंत तक प्रदेश में भाजपा का वोट प्रतिशत 51 फीसद करना है। यह पार्टी का नया लक्ष्य है। इसके लिए बूथ को पैमाना बनाया जाएगा। पार्टी का सीधा फार्मूला है कि हर बूथ पर मौजूदा वोट प्रतिशत में दस फीसद की वृद्धि करना है। इसके लिए सत्ता और संगठन मिलकर प्रयास करेंगे। जिस प्रकार किसी समय कांग्रेस का जनाधार था, उसी प्रकार अब पंचायत से पार्लियामेंट (संसद) तक भाजपा ही रहेगी। राव सोमवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मीडिया से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार और संगठन में समन्वय बहुत अच्छा है। बतौर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और बतौर प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने प्रभावी भूमिका निभाई है। हाल ही में उपचुनाव में पृथ्वीपुर और जोबट में भाजपा की जीत से यह बात स्थापित हो गई है कि पार्टी वहां भी मजबूत हो रही है, जहां वह पहले कमजोर थी। यह रेखांकित करने वाली जीत है। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा ही राजनीति के दो ध्रुव हैं। पिछले करीब दो दशक से भाजपा सत्ता में है। अब हम नए लक्ष्य और योजना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। संकल्प यह है कि अगले दो दशक भी प्रदेश में भाजपा का ही शासन रहेगा।

माइक्रो प्लानिंग से प्रदेश को बनाएंगे रोल माडल

राव ने कहा कि हम बूथ से आगे बढ़कर पन्ना प्रभारियों के काम की भी समीक्षा कर रहे हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उपचुनाव में जोबट की जीत ने पिछले कुछ समय में पार्टी द्वारा किए गए कार्यो पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि भारत में जनजाति वर्ग की समस्या अमेरिका और आस्ट्रेलिया से अलग है। यहां डीएनए का विवाद नहीं है। सांस्कृतिक मान्यता और पिछड़ेपन का विषय है। इसे दूर किया जाएगा। जंगल, रोजगार सहित सभी विषयों पर 360 डिग्री काम किया जाएगा। माइक्रो लेवल (अति सूक्ष्म) पर काम कर प्रदेश को देश में रोल माडल के तौर पर स्थापित किया जाएगा।

भाजपा के सहयोगी हैं दिग्विजय सिंह

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह जिन विषयों पर बोलते हैं, उससे वे भाजपा के सहयोगी बन जाते हैं। उनके द्वारा सांप्रदायिक और देश विरोधी ताकतों का समर्थन करने से भाजपा की राह आसान हो जाती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित देश में कहीं भी कांग्रेस चुनौती नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ के बयानों पर राव ने कहा कि उनकी उम्र बढ़ रही है। वे सोनिया गांधी को भारतीय संस्कृति के बारे में नहीं समझा सके, इससे बढ़ी विफलता क्या होगी। प्रारंभ में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने रविवार को हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति में उठे मुद्दों की जानकारी दी।

कांग्रेस ने की राव की आलोचना

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने राव के जातिगत आधार पर दिए बयान की आलोचना की है। दरअसल एक सवाल के जवाब में राव ने कहा था कि पहले भाजपा को ब्राम्हण और बनिया वर्ग की पार्टी कहा जाता था। ये वर्ग तो हमारी जेब में हैं अब सबका साथ के तहत अन्य वर्गों में भी पैठ बढ़ाई जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने ट्वीट किया कि राव का यह बयान इन वर्गों का घोर अपमान है।

## कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक, दिए निर्देश

# चुनाव की तर्ज पर करें काम लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**कटनी।** जिस तरह से चुनाव के समय काम होता हैए ठीक उसी तरह से चुनाव ड्यूटी की तर्ज पर ही कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान को लेकर भी काम करें। जिले में टीके की कोई कमी नहीं है। सेशन का प्लान करें और सभी विभागों के अधिकारीए कर्मचारियों का सहयोग लेकर वैक्सीनेशन कार्य को गति दें। वैक्सीनेशन कार्य में लगाए गए अधिकारीए कर्मचारी यदि लापरवाही करते हैं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। 10ए 17 व 24 नवंबर को आयोजित होने वाले वैक्सीनेशन महाअभियान को लेकर कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक के दौरान यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने दिए। उन्होंने कहा कि प्रथम डोज अधिकांश लोगों को लग चुके हैं और अब हमारा पूरा फोकस यह है कि शत प्रतिशत लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज लगे। कलेक्टर ने कहा कि प्रतिदिन का भी लक्ष्य तय करें और सभी नोडल अधिकारी शाम को उसकी समीक्षा करें। जहां कहीं भी लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सरकारी अधिकारीए कर्मचारियों के साथ ही समाजसेवी संस्थाए जनप्रतिनिधिए नेहरू युवा केन्द्रए जन अभियान परिषद का भी वैक्सीनेशन में सहयोग लें। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी गांव या स्थान पर कोई व्यक्ति वैक्सीनेशन को लेकर लोगों में भ्रम फैलाता है तो पुलिस का भी सहयोग लें। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को सेशन तय करने के बाद उसका व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि 10 नवंबर को आयोजित होने वाले महाअभियान को लेकर ब्लाक क्राइसिस मेनेजमेंट की बैठक लेकर अधिक से अधिक लोगों तक टीकाकरण केन्द्र की जानकारी पहुंचाएं और वैक्सीन का दूसरा डोज लोग अवश्य लेंए इसको लेकर लोगों को जागरूक करें।



### सभी विभागों की लगाएं ड्यूटी, अवकाश रहेंगे रद्द

कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी विभागों के कर्मचारियों की वैक्सीनेशन में ड्यूटी लगाने के साथ ही अभियान जारी रखने सभी के अवकाश रद्द करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए और स्टॉफ सभी केन्द्रों में समय पर पहुंचेए यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने हाट बाजारए बस स्टैंड जैसे क्षेत्रों में केन्द्र स्थापित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जिले के होटलए लॉजए मॉल आदि में जाने वाले लोगों को वैक्सीन लगी है या नहीं इसके लिए गेट पर संचालकों को रजिस्टर रखकर उसका संधारण करने निर्देशित करें और रोजाना की जानकारी वे मेल के जरिए भेजेंए यह सुनिश्चित किया जाए।

### जहां कहीं भी दिक्कत हो तत्काल सूचना दें : एसपी

बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने कहा कि सभी अधिकारी सबसे पहले अपने.अपने विभागों को चैक करें कि सभी ने वैक्सीन के दोनों डोज लगवाए हैं या नहीं। श्री जैन ने कहा कि वैक्सीनेशन के दौरान यदि कहीं पर भी कोई दिक्कत आती है तो क्षेत्र के पुलिस अधिकारी को तत्काल सूचना देंए पुलिस पूरा सहयोग करेगी। इस दौरान एडीएम रोमोनुस टोप्पो सहित सभी एसडीएमए जनपद पंचायत के सीईओए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



## छठ पूजा को लेकर घाटों पर नगर निगम करेगा व्यवस्थाएं

**कटनी।** पूर्वांचल सांस्कृतिक समिति द्वारा प्राप्त पत्र अनुसार आज 9 नवंबर से 12 नवंबर तक छठ पूजा का पर्व मनाया जाएगा। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने छठ पूजन हेतु छपरवाह घाट मंगलनगर, कटायेघाट एवं बजरंग कॉलोनी घाट में नगरपालिक निगम से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करानें हेतु निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौंपें है। घाटों पर विशेष साफ सफाई, चूने की लाईनिंग, कीटनाशक दवा का छिड़काव एवं आवारा मवेशियों पर नियंत्रण की कार्यवाही कराने का दायित्व प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक संजय सोनी सहित समस्त स्वच्छता निरीक्षक क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारी एवं वार्ड दरोगा को सौपा गया है। घाटों की आवश्यक मरम्मत, पहुंच मार्ग आदि आवश्यक व्यवस्थाओं संबंधी दायित्व प्रभारी कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा, प्र.सहायक यंत्री अनिल जायसवाल सहित उपयंत्री एस.के.गर्ग एवं जे.पी.सिंह बघेल को धाटों एवं पहुंच मार्गो में अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था हेतु प्र.सहा.यंत्री, आदेश जैन, उपयंत्री मोना कारेरा एवं विक्रांत कुमार ब्राम्हण सहित सुशील कुमार सोनी को एवं आवश्यकतानुसार टेंकर के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था का दायित्व उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय, मुरलीधर देववंशी एवं अभिषेक अरजरिया को दायित्व सौपा जाकर व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करानें निर्देश प्रदान किये गए है।



### जागृति पार्क में 20 दिनों तक मार्बल व स्टोन पर बनाएंगे कलाकृतियां, एडवेंचर स्पोर्ट्स, सांस्कृतिक कार्यक्रमों भी होंगे

# कटनी के स्टोन पर देश भर के शिल्पकार भरेंगे अपनी कल्पना के रंग

### आधारशिला कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल का आज शाम होगा शुभारंभ


कटनी। एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत जिले के मार्बल व सेंड स्टोन को बढ़ावा देने जागृति पार्क माधवनगर में 9 नवंबर से 20 दिवसीय कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल का आयोजन किया जा रहा है। स्टोन आर्ट फेस्टीवल का शुभारंभ आज मंगलवार की शाम 4 बजे होगा। फेस्टीवल में शामिल होने देश के अलग-अलग शहरों से 12 शिल्पकार कटनी पहुंच रहे हैं, जो 20 दिनों तक अपने शिल्पकला के माध्यम से अपने हुनर का जादू कटनी के मार्बल व स्टोन पर दिखाएंगे। 26 से 28 नवंबर के बीच शिल्पकारों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी जागृति पार्क में लगाई जाएगी और कलाकृतियों की नीलामी भी होगी। स्टोन आर्ट फेस्टीवल के दौरान जहां लोगों को शिल्पकला की अनोखी कलाकृतियां देखने को मिलेंगी तो 20 दिनों तक अलग.-अलग थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी लुत्फ लोग उठा सकेंगे। 9 नवंबर से 28 नवंबर तक आयोजित स्टोन फेस्टीवल में सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही एडवेंचर स्पोर्ट्स भी उपलब्ध रहेंगे, जो फेस्टीवल का खास आकर्षण होगा। जिसमें जार्गिंग, वॉटर जार्गिंग, जिप लाइनिंग, स्पोर्ट्स बाइक, कमांडो नेट, वर्मा ब्रिज सहित 25 तरह के एडवेंचर स्पोर्ट्स पार्क में उपलब्ध कराए गए हैं। जागृति पार्क में स्टोन आर्ट फेस्टीवल का आयोजन रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। शिल्पकारों से जिले के कॉलेजों के छात्रों का संवाद कार्यक्रम भी आयोजित होगा ताकि जिले के युवा में फाइन आर्ट के क्षेत्र में अपने बेहतर कैरियर की तलाश कर सकें। 20 दिवसीय कार्यक्रम के लिए आयोजक जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, सह आयोजक कटनी स्टोन एंड मार्बल एसोसिएशन, कटनी पर्यावरण संधारण समिति के सदस्यों ने सोमवार को तैयारी पूरी कर ली। रविवार की शाम को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने भी आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी थीं और आवश्यक निर्देश दिए थे।

### आयोजनस्थल की सूचना देते नक्शे को करें डिस्प्ले

जागृति पार्क माधवनगर में 20 दिवसीय कटनी स्टोन आर्ट फेस्टीवल आधारशिला की तैयारी की समीक्षा बैठक कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने शुभारंभ से लेकर 20 दिनों तक जागृति पार्क में आयोजित होने वाली गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पार्क के गेट पर किस स्थान पर कौन सा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इसका एक नक्शा डिस्प्ले करने के निर्देश दिए ताकि प्रवेश द्वार पर ही लोगों को आयोजन स्थल के संबंध में संपूर्ण जानकारी मिल सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि फेस्टीवल के दौरान अवकाश के दिनों में स्टोन आर्ट के साथ ही अन्य कार्यक्रम भी होंगे और ऐसे में पार्क में लोगों की संख्या बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि ट्रेफिक व्यवस्था के लिए पार्किंग का स्थान पहले से सुनिश्चित कर लें और पुलिस विभाग का भी सहयोग लें ताकि किसी भी तरह की परेशानी न हो। कलेक्टर ने आयोजन स्थल पर की गई व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश प्रदान किए। स्टोन फेस्टीवल के अंतिम दो दिनों में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई और उस दौरान अधिक से अधिक लोग फेस्टीवल का हिस्सा बने, इसके लिए आयोजन समिति, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से सुझाव लिए गए। बैठक के दौरान स्टोन आर्ट फेस्टीवल से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों के साथ ही सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।



## कलेक्टर कार्यालय में आवारा घूम रहे स्वान



कटनी। यह नजारा कलेक्टर कार्यालय का है, जहां स्वान को परिसर के अंदर आवारा घूमते हुए आसानी से देखा जा सकता है। जिले के प्रमुख प्रशासनिक कार्यालय कलेक्ट्रेट में आवारा स्वान की धमाचौकड़ी यह बताने के लिए काफी है कि जब कलेक्टर कार्यालय परिसर के अंदर स्वान मनमर्जी से विचरण कर सकते हैं तो फिर शहर और पूरे जिले में आवारा जानवरों की धमाचौकड़ी किस तरह की होगी। यहां से कलेक्टर प्रियंक मिश्रा का चेम्बर भी ज्यादा दूरी पर नहीं है, इसके बाद भी न तो किसी सुरक्षा कर्मी ने इन्हें यहां से हटाने की जहमत उठाई और न ही कर्मचारी ने। इस चित्र को हमारे कैमरामैन ने अपने कैमरे में कैद किया।



# रामकृष्ण परमहंस वार्ड में सामूहिक दल ने चलाया सफाई अभियान







**कटनी।** नागरिकों को नगर के मुख्य मार्गो में सुचारू सफाई की सुविधा प्राप्त हो सके इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा दो पालियों के माध्यम से नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो सहित मुख्य मार्गो के डिवाईडर, डस्टबिन, कचरे के प्वाईटों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। डोर टू डोर कचरे के संग्रहण के माध्यम से भी नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें के प्रयास अनवरत जारी है। रोजाना एक वार्ड को चिन्हित कर चलाये जा रहे सफाई अभियान के दौरान आज प्रातः सामूहिक दलेल के माध्यम से रामकृष्ण परमहंस वार्ड में सफाई अभियान चलाया जाकर वार्ड के विभिन्न स्थलों की सड़कों एवं नालियों की सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया जाकर कीटनाशक दवा का छिडकाव किया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में छठ पूजन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न घाटों बाबा घाट, छपरवाह घाट, बजरंग घाट परिसर के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर घाट एवं सीढियों सहित नदी की सफाई का कार्य कराया गया।

### घाटों सहित शहर के अन्य स्थलों की कराई गई सफाई

नगर के विभिन्न स्थलों पन्ना मोड, बस स्टेण्ड, आजाद चौक, मिशन चौक, मजार गली, शिवाजी वार्ड सब्जी मंडी एन.के.जे, कावस जी वार्ड के भट्टा मोहल्ला मुख्य मार्ग, कोतवाली थाना मार्ग, नेकी की दीवार के आसपास से स्टेशन रोड पहुंच मार्ग, वीर सावरकर वार्ड खिरहनी फाटक मार्ग, गांधी द्वार, घंटाघर प्वांइट ,रधुनाथ गंज वार्ड गोयंका गली, सेंट पाल स्कूल पहुंच मार्ग की सफाई एवं झाडियों की कटाई, विश्कर्मा पार्क, गायत्री नगर गोपाल बाग के विभिन्न स्थलों, पाठक वार्ड मुस्लिम बस्ती सहित नगर के अन्य स्थलों में सफाई का कार्य कराया गया। नगर के विभिन्न स्थलों की नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत गाटरघाट सब्जी मंडी के पास, जालपा देवी वार्ड तिलक राष्ट्रीय स्कूल के पास, वीर सावरकर वार्ड बाहूबली कॉलोनी मयूर जैन जी के घर के पास, राम जानकी हनुमान वार्ड में प्रेमनगर एवं अन्य विभिन्न स्थलों, कावसजी वार्ड मुकेश एवं राजा कबाडी के घर के पास से बजरंग बली मंदिर तक सफाई का कार्य कराया जाकर अपशिष्ट के उठाव का कार्य किया गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें


यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

# रोहित शर्मा ने हासिल की खास उपलब्धि

## टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 3000 रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी





भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने एक और मुकाम हासिल कर लिया है। दाएं हाथ के 34 वर्षीय बल्लेबाज अब टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 3000 रन बनाने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। रोहित ने सोमवार को नामीबिया के खिलाफ ग्रुप मुकाबले में एक में बार फिर से शानदार बल्लेबाजी की और अर्धशतक भी पूरा किया। उन्होंने इस दौरान चौके के साथ यह उपलब्धि हासिल की। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2007 टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान अपना डेब्यू किया था। इसके बाद से वह अब तक 116 मैचों में 32.66 की औसत और 139.61 की स्ट्राइक रेट से 3038 रन बना चुके हैं। रोहित टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक चार शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं। यही नहीं इस प्रारूप में रोहित सबसे अधिक छक्के लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी भी हैं। रोहित के अलावा विराट कोहली और कीवी खिलाड़ी मार्टिन गुप्टिल ही दो खिलाड़ी हैं जिन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 3000 रनों के आंकड़े को पार किया है। यही नहीं विराट कोहली के बाद रोहित दूसरे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने क्रिकेट के तीनों प्रारूप में 3000 से अधिक रन बनाए हैं।

# आईपीएल खेलने के लिए किसी ने जबरदस्ती नहीं की



टी-20 विश्व कप में भारत के ग्रुप स्टेज से ही बाहर होने पर काफी आलोचना हो रही है। विश्व कप के दौरान जसप्रीत बुमराह और गेंदबाजी कोच भरत अरुण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आराम देने को लेकर बात कही थी। यह बयान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को नागवार गुजरा है। बोर्ड ने इसको लेकर जवाब दिया है। उन्होंने कहा है कि आईपीएल 2021 खेलने के लिए किसी ने जबरदस्ती नहीं की थी। जिन्हें आराम चाहिए था, वो आराम ले सकते थे।

भरत अरुण और बुमराह ने क्या कहा था ?

भरत अरुण ने शनिवार को कहा था कि टीम इंडिया पिछले छह महीने से लगातार यात्रा कर रही है। उन्हें एक बायो-बबल से दूसरे बायो-बबल में जाना पड़ रहा है। अगर आईपीएल 2021 और टी-20 विश्व कप के शेड्यूल के बीच में खिलाड़ियों को समय मिलता और आराम कर पाते तो टीम को इससे मदद मिलती। वहीं बुमराह ने कहा था कि लगातार हो रहे क्रिकेट मैचों के बीच निश्चित तौर पर कुछ समय के लिए ब्रेक जरूरी है। इस दौरान परिवार की भी कमी महसूस होती है। टीम इंडिया के खिलाड़ी पिछले छह महीने से यात्रा कर रहे हैं। तो थकान आपके दिमाग में भी चल रहा होता है। हालांकि, जब आप मैदान पर उतारते हैं तो ये सब भूल जाते हैं। कई चीजें आपके नियंत्रण से बाहर होती हैं।

बीसीसीआई का क्या जवाब आया ?

बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी ने स्पोर्ट्स वेबसाइट इनसाइड स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा कि आईपीएल खेलने के लिए किसी पर दबाव नहीं डाला जाता है। अगर किसी खिलाड़ी को लगता है कि टी-20 विश्व कप ज्यादा महत्वपूर्ण है तो उसे आईपीएल से अपना नाम वापस लेने की इजाजत है। हम उन्हें हर सुविधा मुहैया करवाते हैं। इतना ही नहीं परिवार को भी साथ रखने की इजाजत दी। हम सभी कोरोना के मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार का कारण थकान नहीं था। अगर आप आईपीएल और टी-20 विश्व कप के शेड्यूल को देखें तो पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले खिलाड़ियों को एक हफ्ते का ब्रेक मिला था। 15 अक्तूबर को हुए आईपीएल फाइनल में कुछ ही भारतीय खिलाड़ी खेल रहे थे। ज्यादातर खिलाड़ी उससे पहले ही बाहर हो चुके थे। उन सब को काफी समय मिला था। अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान के बाद न्यूजीलैंड मैच से भी पहले खिलाड़ियों को सात दिन का ब्रेक मिला। ऐसे में थकान को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। भारतीय खिलाड़ियों के पास आराम का पूरा समय था। अगर आप श्रीलंका और बांग्लादेश जैसी टीमों की बात करें तो वो तो लगातार क्रिकेट खेल रही हैं। वर्कलोड को मैनेज करना हमारी प्राथमिकता रही है और आने वाले समय में हम कई महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं।

## बुमराह और बॉलिंग कोच अरुण को बीसीसीआई का जवाब



आईसीसी टी-20 विश्व कप में भारत के खराब प्रदर्शन के बाद पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने भारतीय टीम का बचाव किया है। उन्होंने क्रिकेट फैंस अपील करते हुए कहा है कि भारत के विश्व कप से बाहर होने के बाद टीम के खिलाड़ियों के प्रति कठोर व्यवहार न अपनाएं। संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में खेले जा रहे टी-20 विश्व कप में भारत सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। रविवार को अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए मैच में भारत की उम्मीदें उस समय समाप्त हो गईं जब कीवी टीम ने अफगानिस्तान को एकतरफा मुकाबले में आठ विकेट से हराया। इस जीत के बाद न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंच गया। विश्व कप में भारत के इस प्रदर्शन से क्रिकेट फैंस काफी नाराज हैं। पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर के लगता है कि प्रशंसकों को निष्कर्ष पर नहीं जाना चाहिए। एक खराब टूर्नामेंट के बावजूद टीम इंडिया का समर्थन करना जारी रखें।

# गौतम गंभीर की क्रिकेट फैंस से अपील

## कहा- विश्व कप से बाहर होने पर खिलाड़ियों के प्रति कठोर न बनें




### गंभीर ने की क्रिकेट फैंस से अपील

गौतम गंभीर ने टाइम्स ऑफ इंडिया के कॉलम में लिखा, मैं क्रिकेट प्रशंसकों से भारतीय टीम पर गर्व करते रहने का आग्रह करता हूं, हम उनके समर्थकों के रूप में अपमानजनक और विश्वासघाती होंगे यदि हम टीम को मौजूदा विश्व कप में इस अकेले प्रदर्शन से आंकते हैं, हां हम पाकिस्तान से हार गए, हां हम न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी रणनीति से हारे थे, हां सीमा पार से हमारे दोस्त सेमीफाइनल में हैं और हम नहीं। लेकिन रुकिए, इस भारतीय टीम ने हमारे लिए इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीती, इसके बाद उन्होंने घरेलू सीरीज में इंग्लैंड को तीनों प्रारूपों में हराया, हम वर्तमान में इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में 2-1 से आगे हैं जिसके चौथा मैच अगले साल खेला जाएगा।

### टीम पर गर्व करना चाहिए

गंभीर ने अपने इस कॉलम में बायो-बबल के जीवन का भी उल्लेख किया। गंभीर के मुताबिक, बायो-बबल में रहना और मैच दर मैच देश के लिए खेलना इसके लिए काफी साहस रखना पड़ता है, खिलाड़ी एक के बाद एक लगातार दूसरे टूर्नामेंट में बिना ब्रेक लिए खेल रहे हैं, हमें खिलाड़ियों की आलोचना करने के बजाय टीम पर करना चाहिए। गंभीर ने आगे लिखा, कृपया रुकें और सोचें यह सभी मैच बायो सिक्योर वातावरण में खेले गए थे, मैं कुछ ऐसे लोगों को जानता हूं जब कोविड-19 अपने चरम पर था तो वे अपने दरवाजे की घंटी बजाते हुए डरते थे काम पर जाने की तो बात ही छोड़ दीजिए। लेकिन इसके बावजूद खिलाड़ी घर पर ट्रेनिंग कर रहे थे, फ्लाइट ले रहे थे, होटल के कमरे में क्वारंटीन थे, खेलने के लिए हमारा और आपका मनोरंजन करने के लिए एक व्यस्त जीवन जी रहे थे। हां, उन्हें अच्छी तरह से भुगतान किया जाता है क्योंकि यह एक पेशेवर दुनिया है, इसलिए हम कहें कि अच्छी कोशिश की लड़कों।

# ओपनिंग वीकेंड में 100 करोड़ की धमाकेदार कमाई के बाद सोमवार को हुआ ये हाल




**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और कटरीना कैफ अभिनीत रोहित शेट्टी निर्देशित फिल्म सूर्यवंशी ने ओपनिंग वीकेंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। लगभग डेढ़ साल बाद किसी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर इस अहम पड़ाव को पार किया है। इसको लेकर ट्रेड जबरदस्त उत्साहित है। ओपनिंग वीकेंड के बाद पहले सोमवार को दिवाली की छुट्टियां खत्म होने के साथ ही सूर्यवंशी के आंकड़ों में गिरावट आयी, जो कि एक सामान्य बात है, क्योंकि वर्किंग वीक में फिल्मों के बॉक्स ऑफिस कलेक्शंस गिरते ही हैं। पूर्वानुमानित ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, सूर्यवंशी ने लगभग 12 करोड़ का कलेक्शन पहले सोमवार और रिलीज के चौथे दिन किया। आम तौर पर पहले सोमवार की कमाई किसी फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर आगे के सफर की दिशा निर्धारित करती है। इस लिहाज से देखें तो सूर्यवंशी के कलेक्शंस में रविवार के मुकाबले लगभग 56 फीसदी की गिरावट है, जो सामान्य बात है। सोमवार के कलेक्शंस मिलाकर फिल्म ने चार दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर लगभग 90 करोड़ जमा कर लिये हैं। मंगलवार यानी आज फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी 100 करोड़ के पड़ाव को पार कर सकती है।

### ओपनिंग वीकेंड में वर्ल्डवाइड 100 करोड़

सूर्यवंशी दिवाली के एक दिन बाद 5 नवम्बर ( शुक्रवार) को सिनेमाघरों में लगभग 3500 स्क्रींस पर रिलीज हुई थी। फिल्म ने 26.29 करोड़ की शानदार ओपनिंग ली और दूसरे दिन शनिवार को 23.85 करोड़ के साथ 50.14 करोड़ जमा कर लिये। ओपनिंग वीकेंड के तीसरे दिन यानी रविवार को फिल्म ने 26.94 करोड़ का शानदार कलेक्शन किया, जिसे मिलाकर सूर्यवंशी का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन 77.08 करोड़ हो गया। वहीं, ओवरसीज (अमेरिका, कनाडा, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, यूके और, जीसीसी) में फिल्म ने पहले दिन 8.10 करोड़, दूसरे दिन 8.58 करोड़ और तीसरे दिन 7.90 करोड़ बटोर लिये, जिसे मिलाकर तीन दिनों में फिल्म का ओवरसीज कलेक्शन 24.58 करोड़ हो गया। रिलीज के तीन दिनों में घरेलू और ओवरसीज कलेक्शंस को मिलाकर सूर्यवंशी का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 101.66 करोड़ हो चुका है।

# 'टप्पू' संग अफेयर की खबरों के बीच 'बबीता जी' ने की नई शुरुआत



### फैंस को दी गुड न्यूज!

नई दिल्ली। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की लीड एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता ने 'टप्पू' उर्फ राज अनादकत संग अफेयर की खबरों के बीच अपनी पर्सनल लाइफ में एक नई शुरुआत की है और वो नई शुरुआत है उनका नया घर, जो कि एक्ट्रेस ने अपने लिए खरीदा है। इतना ही नहीं मुनमुन दत्ता उर्फ बबीता जी उस घर में शिफ्ट में हो गई हैं इस बात की जानकारी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के जरिए फैंस को दी है।मुनमुन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वो अपने नए घर में नज़र आ रही हैं। हालांकि तस्वीरों में उनके पूरे घर की झलक नहीं दिखाई दे रही है, क्योंकि एक्ट्रेस अपनी बालकनी में बैठी हुई हैं। मुनमुन ने ढेर सारी फोटोज़ की पूरी गैलरी शेयर की है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस पीले और लाल रंग के लहंगे में नज़र आ रही हैं जिनमें वो काफी प्यारी लग रही हैं। फोटोज़ शेयर करते हुए मुनमुन ने कैप्शन में इसे एक नई शुरुआत बताया है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'नया घर...नई शुरुआत... लेट दिवाली पोस्ट! एक बेहद बिजी शिड्यूल के बीच नए घर में शिफ्ट हो गई हूं। इस वजह से बीमार भी हुई और अब रिकवर भी हो गई। नए घर में अपनी सफर शुरू करने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं। ये ऐसा है जैसे मेरा कोई सपना पूरा हो गया हो। मैंने सोशल मीडिया से कुछ दिन ब्रेक लिया, मां और कुछ क करीबी लोगों के साथ अच्छा वक्त बिताया, दिवाली सेलिब्रेट की अपने तरीके से। ज़ीरों से शुरुआत करके वहा पहुंचना जहां मैं आज हूं....मुझे खुद पर गर्व है। मैं खुशकिस्मत हूं'।

# रांझी में मासूम से दुष्कर्म

## आरोपित को पकड़ने रातभर पुलिस की सर्चिंग



**जबलपुर, यशभारत।** रांझी में 11 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मासूम स्कूल से घर लौटकर कपड़े बदल रही थी तभी मोहल्ले में ही रहने वाला एक युवक घर में घुस गया और उसे अपनी हैवानियत का शिकार बनाया और भाग खड़ा हुआ। इधर दुष्कर्म के नाबालिग आरोपित की तलाश में रांझी थाना क्षेत्र स्थित एक बस्ती पुलिस छावनी में तब्दील कर दी गई। पुलिस को आशंका है कि आरोपित बस्ती में ही कहीं छिपा है।

वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने अधीनस्थ अधिकारियों को घटनास्थल रवाना करते हुए आरोपित की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। जिसके बाद एएसपी संजय अग्रवाल, सीएसपी एमपी प्रजापति, टीआई विजय सिंह परस्ते दलबल सहित मौके पर पहुंचे। देर रात से ही आरोपित की तलाश जारी रही।

रांझी पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित बालिका एक स्कूल में पढ़ती है। सोमवार को सुबह वह स्कूल गई थी। दोपहर में घर लौटी तो उस समय माता-पिता कहीं गए थे। बालिका घर में कपड़ा बदल रही थी तभी आरोपित उसके कमरे में जा घुसा। बालिका कुछ समझ पाती तब तक मुंह दबाकर उसने उसके साथ दुष्कर्म किया और धमकी देते हुए भाग गया।

> आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास जारी है। सोमवार को देर रात तक आरोपी को ढूढ़ने का क्रम जारी था जल्द ही आरोपी पकड़ा जाएगा।
>
> **सिद्धार्थ बहुगुणा, पुलिस अधीक्षक**

# सरकारी स्कूलों में खुशी का कोना

### स्कूल और उच्च शिक्षा विभाग ने बनाई कार्ययोजना

# विद्यार्थियों को पहनाया जाएगा वैक्सीन का कवच

**जबलपुर, यशभारत। कोरोना की चपेट में आने और इससे हुई शारीरिक और मानसिक परेशानियों से स्कूल शिक्षा विभाग विद्यार्थियों और शिक्षकों को उबारेगा। उच्च शिक्षा विभाग कॉलेज के विद्यार्थियों को वैक्सीन का कवच देगा।**

प्रदेशभर के स्कूलों में कई गतिविधियां आयोजित कराई जाएंगी। इससे शिक्षकों, बच्चों और उनके परिजन को कोरोना की बुरी यादों से निकाला जा सकेगा।

### यह दिए गए निर्देश

मप्र में 2021-22 में एक करोड़ से ज्यादा बच्चों के स्कूलों में नामांकन हुए हैं। इधर, उच्च शिक्षा विभाग का फोकस विद्यार्थियों को कोरोना वैक्सीन से पूरी तरह सुरक्षित बनाने का है। इसके लिए सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव और



कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं। इसके पीछे वजह बताई गई है कि प्रदेश में एक करोड़ से ज्यादा लोगों ने वैक्सीन का सेकंड डोज नहीं लगवाया है। कॉलेजों में मौजूदा शिक्षण सत्र में 11 लाख 78 हजार से ज्यादा विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

स्कूलों में पोस्टर, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता होगी। कोरोना काल में बच्चें के अनुभव सुनने के साथ ही लेखन प्रतियोगिता भी होगी। बाल संसद में मानसिक रूप से स्वस्थ बने रहने पर चर्चा होगी। स्कूलों में खुशी का कोना स्थापित होंगे जहां बच्चे खुलकर बात कर सकें। गतिविधियों में शिक्षक, परिजन भी शामिल होंगे।

### दूसरा डोज लगवाएंगे

कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन का दूसरा डोज नहीं लगवाने वाले विद्यार्थियों को चिह्नित कर उनका वैक्सीनेशन करवाने का काम कॉलेज स्तर पर किया जाएगा। कॉलेज के विद्यार्थी अपने-अपने परिवार के लोगों को वैक्सीन के सेकंड डोज के लिए न केवल प्रेरित करेंगे, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य केंद्र ले जाएंगे। कोरोना से बचाव के लिए जरूरी वैक्सीन लगवाने संबंधी एसएमएस उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के मोबाइल पर भेजे जाएंगे, जिन्हें अन्य लोगों तक अनिवार्य रूप से भेजा जाएगा। कॉलेज प्रबंधन को विद्यार्थियों के अलावा अतिथि शिक्षकों के वैक्सीनेशन संबंधी जानकारी वेबसाइट पर अपलोड करना होगी। साथ कॉलेजों में कोरोना वैक्सीनेशन के फायदे बताने वाले फ्लेक्स अनिवार्य रूप से लगाने होंगे।



# गेल के डायरेक्टर बने सीए अखिलेश जैन

**(संस्कारधानी को उपलब्धि)**

**जबलपुर।** भारत सरकार के उपक्रम महारत्न कंपनी गैस अथॉरिटी आफ इंडिया लिमिटेड गेल (इंडिया) लिमिटेड के डायरेक्टर (स्वतंत्र निदेशक) पद पर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति की सिफारिश पर शहर के सीए अखिलेश जैन की नियुक्ति महामहिम राष्ट्रपति द्वारा की गई है। भारत सरकार के स्वामित्व का सार्वजनिक उपक्रम गेल केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत आता है और महारत्न कंपनी है। आपने इस नियुक्ति हेतु भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# क्या वास्तव में अंधा है महादेव ?

## काले चश्मे के अंदर छुपा पूरा राज



**पुलिस कराएगी मेडिकल टेस्ट, पुराने अपराधों की फिर खुलेगी फाइल**

**जबलपुर, यशभारत।** महादेव पहलवान मतलब सूदखोरी और जमीन पर कब्जों का बेताज बादशाह। अपराध की दुनिया में एक अलग मुकाम बना चुके महादेव पहलवान ने अपने अंधेपन का जमकर फायदा उठाया। दत्तक पुत्र रेपिस्ट के गिरफ्तार होने के बाद महादेव की सलतनत उस समय मिट्टी में मिल गई जब पुलिस ने घर में घुसकर उसे गिरफ्तार किया और उसका जुलूस निकाला। महादेव के गिरफ्तार होते ही उसके अंधेपन को लेकर चर्चाएं हो रही है, कहा जा रहा है कि वास्तव में महादेव अंधा है कि या अंधा बनने का नाटक कर रहा है। पुलिस महादेव पहलवान का मेडिकल टेस्ट कराएगी जिसमें स्पष्ट होगा कि पहलवान अंधा है की नहीं।

### अंधेपन को बनाया हथियार, जुर्म की दुनिया में बन गया बड़ा नाम

महादेव पहलवान ने अंधेपन को अपना हथियार बना लिया। वह ब्याज पर पैसे चलाने लगा। 10 से 30 प्रतिशत ब्याज पर वह पैसे देने लगा। इसकी वसूली के लिए उसने लड़के रखने शुरू किए। जल्द ही उसने 150 से लड़कों की टोली बना ली। ये सभी लड़के उसके इशारे पर ब्याज की रकम वसूलने का काम करते हैं। अधिकतर लोगों को वह ब्याज पर पैसे प्रॉपर्टी को गिरवी पर रखवा कर देता है।

### तेजाब के हमले से चली गई थी आंखें

राजा रसगुल्ला के सामने ही अखाड़ा है। जवानी के दिनों में महादेव वहां पहलवानी करता था। इस कारण उसकी एक पहचान महादेव पहलवान के रूप में बन गई। शरीर से बलिष्ट था, इस कारण लोग डरते थे। उस समय जबलपुर की पहचान तेजाब नगरी के रूप में हुआ करती थी। महादेव का 40 साल पहले तमरहाई चौक थाना कोतवाली में कमलेश रैकवार निवासी झरईया कुंआ से विवाद हुआ। कमलेश रैकवार ने महादेव पर तेजाब फेंक दिया। घटना में उसकी दोनों आंखों की रोशनी चली गई थी।

### पैसों से लेकर व्यक्तियों की पहचान अच्छी तरह से कर लेता है

जानकार बताते हैं कि महादेव पहलवान वास्तव में अंधा है कि नहीं यह जांच का विषय है लेकिन महादेव पैसों से लेकर व्यक्ति तक की पहचान काले चश्में के अंदर बेखूबी कर लेता है। बताया जा रहा है कि कौन कितने पैसे देता है महादेव हाथ में लेते ही बता देता है। उसका नाम कई हत्याओं में भी साजिश रचने में आया, लेकिन अपने अंधेपन के चलते वह हर बार बच निकला। 2008 में संजू दाहिया हत्याकांड में भी नाम सामने आया था। 2008 में ही कई पीड़ित लोगों ने ब्याज पर लिए गए पैसों के एवज में उस पर मकान-दुकान कब्जाने की शिकायत कोतवाली सहित एसपी आफिस में की थी। क्षेत्र में दबदबे के कारण सीधे लोग इसका नाम लेने से बचते हैं।

# अप्रैल में होंगे जीसीएफ वर्क्स कमेटी चुनाव

**जबलपुर यश भारत।** वर्तमान सत्र में जीसीएफ में उत्पादन के लिए केवल 4 माह शेष हैं। लिहाजा जीसीएफ में लंबित वर्क्स कमेटी चुनाव अप्रैल के दूसरे सप्ताह में निश्चित रूप से करा दिए जाएंगे। इसके लिए यदि यूनियन एसोसिएशन चाहे तो अभी से उनका आदेश या अधिसूचना जारी की जा सकती है। उक्त आश्वासन जीसीएफ में पदस्थ नए जीएम दीपक गुप्ता ने यूनियन एसोसिएशन के संयुक्त परिचय बैठक में दिया। उल्लेखनीय है कि जीसीएफ में विगत डेढ़ वर्षो से वर्क्स कमेटी चुनाव लंबित हैं ।जोकि औद्योगिक विवाद अधिनियम 1948 के तहत कराना प्रबंधन के लिए अनिवार्य संवैधानिक दायित्व है। परिचय बैठक के दौरान यूनियनों की ओर से इस मुद्दे पर मुख्य रुप से ध्यान आकर्षित कराने पर महाप्रबंधक श्री गुप्ता ने कहा कि वर्तमान सत्र में ए वी इ एन एल के समक्ष उत्पादन का बड़ा लक्ष्य है। जिसे मार्च 2022 तक पूरा करना है ।अत: सभी कर्मचारियों से अपील की गई है कि वे इस पर ध्यान केंद्रित करें। वर्क्स कमेटी चुनाव निश्चित रूप से कराए जाएंगे। उन्होंने वर्क्स कमेटी चुनाव के संविधान में वैकल्पिक प्रावधान का उल्लेख करते हुए कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का निरंतर निराकरण होता रहे। अत: सभी यूनियन अपने 2-2 प्रतिनिधि नामित कर सकते हैं। जिससे कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण की प्रक्रिया जारी रहेगी और उत्पादन सुचारू रूप से होता रहेगा।बैठक में मजदूर संघ की ओर से मिठाई लाल रजक उत्तम विश्वास राजा पांडे रोहित यादव श्रमिक संघ से संजय मिश्रा संजय रजक कर्मचारी यूनियन की ओर से संतराम सिद्धार्थ सिंह एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**नए जीएम ने यूनियन एसोसिएशन की बैठक मे कहा**

### मृतकों का हुआ अंतिम संस्कार, पुलिस जुटी जांच में

# प्रेमी जोड़े मौत की गुत्थी सुलझाने पुलिस लाइन के जितेंद्र को जिम्मेदारी

**जबलपुर, यशभारत।** बरेला परतला गांव में प्रेमी जोड़े मौत की गुत्थी भले ही अनसुलझी है लेकिन इसी बीच थाना प्रभारी का तबादला होना चर्चा का विषय बन गया है। बरेला थाना प्रभारी मुनीश कोल का तबादला बेलबाग थाना में कर दिया है। जबकि मुनीश कोल की जगह लंबे समय से पुलिस लाइन में रहे जितेंद्र यादव को बरेला थाना प्रभारी की कुर्सी सौंपी गई है।

### मुनीश नहीं संभाल पा रहे थे जिम्मेदारी

बताया जा रहा है कि बरेला थाना प्रभारी रहे मुनीश कोल अपनी जिम्मेदारी निर्वाहन ठीक ढंग से नहीं कर पा रहे थे लिहाजा उनका तबादला उस वक्त किया गया जब परतला में प्रेमी जोड़े की मौत को लेकर बवाल मचा हुआ है। पुलिस लाइन में पदस्थ जितेंद्र यादव की कबालियत और ललक को देखकर उन्हें बरेला जैसे थाने की कमान सौंपने का मकसद यही है कि बरेला के क्षेत्रों में बढ़ते क्राइम पर अंकुश लगे।

### अंतिम संस्कार के बाद दोनों परिवारों में छाया मातम

युवक-युवती के शवों का पीएम होने के बाद बरेला में युवक और परतला गांव में युवती का अंतिम संस्कार किया गया। दोनों परिवार में मातम का माहौल है। इधर घटना के बाद दोनों क्षेत्रों के ग्रामीणों ने चुप्पी साध ली है। हालांकि एक चर्चा जोरो पर है कि युवक अपने दो साथियों के साथ वसूली करने गया था इसके बाद दोनों साथी अपने घर लौटे आए परंतु मृतक घर नहीं लौटा। इसको लेकर पुलिस जांच कर रही है।



### मोबाइल डिटेल से लगेगा सुराग

बताया जा रहा है कि बरेला पुलिस इस मामले में जल्द ही खुलासा करेगी। मृतक युवक-युवती के मोबाइल डिटेल भी निकाली जा रही है। इससे पता लगाया जा रहा है कि प्रेमी जोड़े ने घटना के पहले किस-किस से बात की थी। पुलिस ग्रामीण और परिजनों से भी पूछताछ कर रही है।

# कलेक्ट्रेट में परिजनों ने किया हंगामा

**बालक की मौत ,ठेकेदार पर सिर्फ एफआईआर, पीएम रिपोर्ट तक नहीं मिली**



**जबलपुर, यशभारत।** कलेक्ट्रेट में आज सुबह उस समय हंगामा मच गया जब बेलखेड़ा के ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि स्कूल निर्माण करा रहे ठेकेदार की लापरवाही के कारण बच्चे की मौत हुई लेकिन पुलिस ने सिर्फ ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज की उसकी गिरफ्तारी आज तक नहीं हुई यहीं नहीं बच्चे का पीएम हुआ परंतु रिपोर्ट नहीं दी गई। हंगामा कर रहे आयुष सिंह ठाकुर ने बताया कि 8 अक्टूबर को बेलखेड़ा शासकीय स्कूल में 13 वर्षीय विक्रांत सिंह की मौत स्कूल का छज्जा गिरने से हो गई थी। ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन काम किए जाने के कारण मासूम की मौत हुई पुलिस ने भी एफआईआर दर्ज की परंतु ठेकेदार को आज तक गिरफ्तार नहीं किया गया। परिजनों ने बताया कि ठेकेदार और संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए एसपी-तहसीलदार को आवेदन किया गया परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कलेक्टर को आवेदन देकर ठेकेदार को गिरफ्तार करने सहित मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग रखी गई।

# सर्द हवाओं ने झकझोरा, 13 से सताएगी सर्दी

**जबलपुर। त्योहार जाते ही ठंड ने दस्तक दे दी है। आसमान पूरी तरह से साफ होने और हवा की दिशा बदलने के कारण मंगलवार की सुबह खासी सर्द रही। उत्तर से आ रही सर्द हवाओं ने सिहरन बढ़ा दी है। तापमान में तेजी से गिरावट हो रही है। आज सुबह से ही धुंध रही और सर्द हवाओं के कारण ठंडक बढ़ गई।**

मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि 13 नवंबर के बाद रात और दिन में सर्दी बढ़ जाएगी। क्योंकि रात और दिन के तापमान में कम से कम दो डिग्री कम हो जाएगा। अरब सागर में बने हवाओं के चक्रवात के कारण दक्षिण की ओर से आ रही गर्म हवाओं और उत्तर-पश्चिम की ओर से आ रही ठंडी हवाओं के टकराने से दिन का तापमान बढ़ गया था। पर दरमियानी रात से मौसम फिर बदला। अरब सागर की ओर से आ रही हवाएं जैसे ही कमजोर पड़ेंगी वैसे ही सर्दी बढ़ जाएगी। सोमवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री दर्ज किया गया जबकि आज सुबह का तापमान गिरकर 12.2 पर आ गया। जो सामान्य से 3 डिसे कम रहा। हवाओं की रफ्तार सामान्य रही और आद्रता 69 फीसद दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार 13 नवंबर से कंपकपाने वाली सर्दी आमद दे देगी। क्योंकि जैसे ही अरब सागर की ओर से आने वाली हवाएं कमजोर होंगी वैसे ही उत्तर पश्चिम की ओर से आने वाली ठंडी हवाएं अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर देंगी। जिससे दिन का तापमान दो डिग्री से भी अधिक घटेगा तो वही रात का तापमान 10 डिग्री तक पहुंचेगा।



### गर्म कपड़ों की अब जरुरत

दिन का तापमान सामान्य होने से लोग हाफ स्वेटर में काम चला रहे थे पर आज सुबह से ही फुल आस्तीन के गर्म कपड़ों की जरुरत महसूस होने लगी है। जिसके चलते बाजारों में गर्म कपड़े की दुकानें भी सज गई और खरीदारों की भीड़ जमा होने लगी है। जैसे ही तापमान घटेगा तो गर्म कपड़ों की ओर लोगों को जरुरत पड़ेगी तो बाजार में गर्म कपड़ों की बिक्री भी बढ़ेगी।

# जहरीले कारोबारियों पर जल्द कसेगा शिकंजा

**जबलपुर, यशभारत। शहर सहित युवाओं को प्रभावी रूप से नशा से दूर रखने के लिए पुलिस नशा माफिया पर जल्द शिकंजा कसेगी। पुलिस के आला अधिकारी नशा माफिया पर कार्रवाई करने का प्लान तैयार कर रहे हैं। शहर के आधा दर्जन से अधिक थाना क्षेत्रों में स्मैक के साथ गांजा का कारोबार बेहद तेजी से फल फूल रहा है।**

**अभियान चलाकर नशे के तस्करों को नेस्तनाबूत करने की तैयारी**

बेलबाग ,घमापुर, हनुमानताल और गोहलपुर थाना में गली-गली में स्मैक बेची और पी जा रही है। ऐसे सभी नशा तस्करों की कुंडली तैयार की जा रही है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक तस्कर स्मैक-गांजा का कारोबार बेधड़क चला रहे हैं। नशे का यह जहरीला कारोबार दिनों दिन शहर में बढ़ता ही जा रहा है। इसका थोक व्यापार करने वाले बड़ी आसानी से पाउडर खपाते हुए विक्रेताओं तक पहुंचा रहे हैं।

### ताबड़तोड़ कार्रवाई करेगी पुलिस

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देश पर जिले में गांजा, स्मैक एवं जुआ सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। शहर से लेकर देहात थाना क्षेत्रों में अपराध से जुड़े लोगों की कुंडली तैयार की जा रही है। प्लान के मुताबिक सब कुछ ठीक रहा तो क्राइम ब्रांच की टीम कभी भी किसी भी थाना क्षेत्र में छापामार कार्रवाई कर माफिया पर कार्रवाई करेगी।पुलिस पहले चरण में स्मैक, गांजा और अवैध शराब की तस्करी करने वालों पर शिकांजा कसने की तैयारी में है।

### यहां हो रहा कारोबार

स्मैक बिक्री के लिए बेलबाग, भरतीपुर, ओमती, भानतलैया, प्रेमसागर, घमापुर, मंडी मदार टेकरी, रामपुर, हनुमानताल, गोहलपुर, विजय नगर, रद्दी चौकी, महाराजपुर इलाकों में बड़ी आसानी से मिल जाती है। इसी तरह गांजा के लिए छोटी ओमती, ग्वारीघाट क्षेत्र, घमापुर, करिया पाथर, माढ़ोताल, रानीताल, प्रेमसागर, पाटन, सिहोरा, मझगवां, बरगी, गढ़ा एवं गोराबाजार क्षेत्र अधिक बदनाम हैं।

अब नये परिवेश में - दीपावली की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
दीपावली की शुभकामनाएं , खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )